दैनिक


लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



राम चरण की फिल्म गेम चेंजर का गाना हुआ लीक ....



अपने करियर के बारे में बोली मृणाल ठाकुर .....

वर्ष : 09 | अंक : 284 | लखनऊ, 19 सितम्बर, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

# पीएम मोदी ने दिव्यांग नाम देकर दिव्यांगजन के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया: सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांग नाम देकर दिव्यांगजन के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। सोमवार को जारी एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में संकेत राजकीय मूक बधिर विद्यालय का निरीक्षण करने के उपरान्त अपना विचार व्यक्त कर रहे थे। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार दिव्यांगों के सम्मान एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

बयान के अनुसार इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। एक शिक्षक ने उनकी बातों को संकेतों के जरिये छात्र-छात्राओं तक पहुंचाया। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उन्हें उपहार भी भेंट किए। योगी ने कहा कि संकेत



राजकीय मूक बधिर विद्यालय में छात्रावास का निर्माण कर इसे आवासीय विद्यालय के रूप में परिवर्तित किया जाएगा जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दिव्यांग बच्चों को काफी राहत मिलेगी एवं उनकी प्रतिभा का विकास होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में किया जा सकता है।उन्होंने संकेत विद्यालय तक आवागमन की असुविधा दूर करने के लिए जिलाधिकारी एवं नगर निगम को निर्देश दिए।

## महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को सीएम योगी की चेतावनी

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अगर राज्य में कोई महिला उत्पीड़न जैसा अपराध करेगा तो 'यमराज' उसका इंतजार कर रहे होंगे।यह टिप्पणी तब आई है जब एक छात्रा की जान चली गई जब दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने छेड़छाड़ के प्रयास में उसका 'दुपट्टा' खींच लिया, जिसके कारण वह साइकिल से गिर गई और अंबेडकरनगर में एक अन्य मोटरसाइकिल चालक ने उसे कुचल दिया। घटना शुक्रवार को हुई और तीनों आरोपियों को शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने दावा किया कि रविवार को हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान दो आरोपियों को गोली लगी, जबकि एक का पैर फ्रैक्चर हो गया।

जिले में 343 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद यहां एक कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि अगर कोई राज्य में महिलाओं को परेशान करने जैसा अपराध करता है, तो मृत्यु के देवता 'यमराज' उसका इंतजार कर रहे होंगे।

आदित्यनाथ ने कानून और व्यवस्था की सुरक्षा के लिए एक मजबूत कानूनी प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला और जोर दिया कि किसी को भी व्यवस्था को बाधित करने के लिए कानून का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा अक्सर राज्य में कानून-व्यवस्था को संभालने में आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियों को अपनी उपलब्धियों में से एक बताती रही है।

सीसीटीवी फुटेज में, पीड़िता, जो 11वीं कक्षा की छात्रा थी, और एक अन्य लड़की को अपनी साइकिल पर चलते हुए देखा जाता है, तभी एक तेज रफ्तार बाइक पीछे से उसके पास आती है और उसके पास से गुजरते समय पीछे बैठा व्यक्ति उसका दुपट्टा खींच लेता है। लड़की अपना संतुलन खोकर जमीन पर गिर जाती है और पीछे से आ रहा दूसरा मोटर चालक उसे कुचल देता है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुपट्टा खींचने वाले सहबाज और उसके भाई अरबाज के रूप में हुई। तीसरे आरोपी फैसल ने लड़की पर गाड़ी चढ़ा दी. अधिकारियों ने कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि आरोपी भाइयों और फैसल के बीच कोई संबंध है या नहीं।

# भारत की धरती पर रखा कदम तो तुरंत हो जाएगा दुश्मन का सफाया

### 600 टैंक रोधी माइन्स 'विभव' सेना में शामिल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** बॉर्डर के इलाके में भारतीय सेना की ताकत में और इजाफा होने जा रहा है। सेना को अब टैंक रोधी माइन्स 'विभव' मिल गया है। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि विभव नाम की छह सौ स्वदेश निर्मित स्व-निष्क्रिय एंटी-टैंक माइंस को सभी दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ गतिशीलता प्रदान करने के लिए सेना में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि एंटी-टैंक माइन नए जमाने के प्लास्टिक से बनी है, जो इसे अलग-अलग क्षेत्र की स्थितियों में भंडारण, हैंडलिंग और संचालन की आवश्यकताओं का सामना करने के लिए पर्याप्त ताकत और स्थायित्व प्रदान करती है। विनिर्माण कंपनी के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया कि ये विभव' एंटी-टैंक पहले से ही उत्पादन में है। यह पूरा हो चुका है। इसे भारतीय सेना में शामिल कर लिया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि भारत में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ एक संयुक्त उद्यम में पूरी तरह से स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि बारूदी सुरंगों को दुश्मन के सभी बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ गतिशीलता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारी ने कहा कि नए युग के प्लास्टिक से निर्मित, खदानों में अलग-अलग क्षेत्र की स्थितियों में भंडारण, हैंडलिंग और संचालन की आवश्यकताओं का सामना करने के लिए पर्याप्त ताकत और स्थायित्व है। उन्होंने कहा कि गोला-बारूद यंत्रवत्या मैन्युअल दोनों तरह से रखा जा सकता है।

अधिकारियों ने कहा कि विभव को संभालने के लिए सुरक्षित, लक्ष्य के खिलाफ घातक और विश्वसनीय बनाने के लिए इसमें कई सुरक्षा और सक्रियण तंत्र शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एकीकृत विस्फोटक, यांत्रिक और इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा विशेषताएं अत्यधिक ऑपरेटर सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## तमिलनाडु में धूमधाम से मनाई गई विनायक चतुर्थी, विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित

**नई दिल्ली,** तमिलनाडु में सोमवार को विनायक चतुर्थी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर राज्यभर में गणेश मंदिरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। अपने-अपने घरों में गणेश पूजा करने के लिए लोग सुबह से ही मूर्तियां खरीदने के वास्ते बाजारों में जुटने लगे। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता माना जाता है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, विपक्ष के नेता एवं ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख एडापड्डी के पलानीस्वामी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने लोगों को विनायक चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। रवि ने एक ट्वीट में कहा, विनायगर चतुर्थी के शुभ त्योहार पर शुभकामनाएं। भगवान विनायगर सभी को ज्ञान, शक्ति, सफलता, खुशी और समृद्धि प्रदान करें।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस, हल्की बारिश के आसार

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में शहर में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 78 प्रतिशत रही। दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो इस मौसम के लिहाज से सामान्य है। आईएमडी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। विभाग ने शाम के समय में शहर में मुख्यतः बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है।

## संभल में बस से टकराई मोटरसाइकिल, पिता और दो बेटों की मौत

**संभल,** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के गुन्नौर थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल की राज्य परिवहन की बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसके दो बेटों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुलदीप सिंह गुनावत के मुताबिक, हंसराज (45) रविवार रात अपने बेटे मनोज (13) और मोहन (9) के साथ बुलंदशहर जा रहा था, तभी नरौरा गंगा पुल के पास उसकी मोटरसाइकिल की सामने से आ रही एक बस से टक्कर हो गई। गुनावत के अनुसार, तीनों को घायल अवस्था में गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुनावत ने बताया कि पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है और तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

# पत्रकार एवं लेखक लोकेन्द्र सिंह को मिलेगा पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान-2023

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पत्रकार-लेखक और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लोकेन्द्र सिंह को पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान-2023 दिए जाने की घोषणा की गई है। उन्हें यह सम्मान भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ की ओर से दिया जाएगा। न्यास विगत 28 वर्षों से अवध प्रांत के जीवनदानी कार्यकर्ता स्व. प्रताप नारायण मिश्र की स्मृति में देश के युवा साहित्यकारों को सम्मानित करता आ रहा है। यह सम्मान प्रेरणास्पद साहित्य-सृजन के लिए दिया जाता है। लेखक लोकेन्द्र सिंह को यह सम्मान पत्रकारिता विधा में दिया जा रहा है। वे देशभर के समाचारपत्र-पत्रिकाओं एवं वेबसाइट्स के लिए विभिन्न मुद्दों पर निरंतर लेखन कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि लेखक लोकेन्द्र सिंह को इसी वर्ष साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश की ओर से ब्लॉग/फेसबुक /नेट पर लेखन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार अखिल भारतीय नारद मुनि पुरस्कार-2021 भी दिया गया है। अब तक उनकी दस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं, जिनमें- डॉ. भीमराव अम्बेडकर : पत्रकारिता एवं विचार, मैं भारत हूँ (काव्य संग्रह), देश कठपुतलियों के हाथ में (लेख संग्रह), हम असहिष्णु लोग (लेख संग्रह), संघ दर्शन : अपने मन की अनुभूति, हिंदी पत्रकारिता विमर्श (संपादन), रतौना आन्दोलन : हिन्दू-मुस्लिम एकता का सेतुबंध (सह लेखक) और राष्ट्रवाद एवं मीडिया (सह-संपादक) सहित अन्य प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे हिन्दी ब्लॉगिंग से जुड़े हैं। देश के चुनिंदा ब्लॉगर में उनकी गिनती होती है। उनके ब्लॉग अपनापंचू पर कहानी, कविता, ललित निबंध, रेखाचित्र, यात्रा वृत्तांत के साथ ही समसामयिक विषयों पर आलेख हैं। कोरोना महामारी के बाद से उन्होंने यूट्यूब पर अपना वीडियो पार्क नाम से वीडियो ब्लॉगिंग भी शुरू की है। यहां भी वे कविता और यात्रा वृत्तांत के साथ सामयिक विषयों पर रोचक जानकारी प्रस्तुत करते हैं।

# महिला आरक्षण बिल को कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** संसद के विशेष सत्र के बीच मोदी सरकार के कैबिनेट की आज बड़ी बैठक हुई। इससे बैठक के अध्यक्ष का खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। इस बात की लगातार संभावना जताई जा रही थी कि सरकार कहीं ना कहीं इस विशेष सत्र में कोई बड़ा कदम उठा सकती है। आज यह सही साबित होता दिखाई दिया रहा है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर लगातार मांग उठाई जा रही थी। अगले साल लोकसभा चुनाव को लेकर इसे काफी अहम माना जा रहा है।



बिल को मंजूरी मिलने के बाद इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा की 33 फीसदी यानी कि एक तिहाई सेट को आरक्षित करने का प्रस्ताव है। इस विधेयक को लेकर लगातार राजनीतिक चचाएं तो जारी रहती ही है। यह विधेयक पिछले 27 सालों से पेंडिंग था। इस विधेयक पर आखिरी बार 2010 में कदम उठाया गया था। विधायक को मंजूरी मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने लिखा कि महिला आरक्षण की मांग को पूरा करने का नैतिक साहस मोदी सरकार में ही था। जो कैबिनेट से मंजूरी के बाद साबित भी हो गया। इसके बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी और भाजपा का आभार जताया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली इससे बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान, नितिन गडकरी, गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, सवार्नंद सोनवाल जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसके अलावा बैठक में संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। संसद के विशेष सत्र को लेकर यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है।

# केजरीवाल ने एक साथ चुनाव का विरोध किया

### एक राष्ट्र एक शिक्षा प्रणाली की मांग की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा का विरोध किया और कहा कि देश में बार-बार चुनाव कराने की जरूरत है क्योंकि इससे राजनीतिक दलों को नियमित रूप से अपने वादों को लेकर मतदाताओं के सामने जाने का मौका मिलता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि देश को एक



राष्ट्र, एक शिक्षा (सभी के लिए समान शिक्षा) और एक राष्ट्र, एक उपचार (अमीर या गरीब, सभी के लिए समान चिकित्सा सुविधा) की जरूरत है।

प्रदेश के विंध्य क्षेत्र के प्रमुख शहर रीवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्हें (भाजपा को) कभी भी देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली लागू करने की अनुमति ना दें क्योंकि केवल चुनावों के दौरान ही राजनीतिक दल और राजनेता लोगों की सुनते हैं और उस दौरान अगर उनसे चांद भी मांग लो तो उसे लाने का वदा करते हैं। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के दौरान नेता आपसे बहुत प्यार से बात करते हैं। आप प्रमुख ने कहा कि अगर सभी चुनाव एक साथ होंगे तो राजनेता चुनाव से सिर्फ छह महीने पहले ही मतदाताओं के पास जाएंगे। उन्होंने कहा, अगर एक राष्ट्र, एक चुनाव की यह अवधारणा लागू हो गई तो राजनीतिक दलों के नेता साढ़े चार साल तक लंदन, पेरिस और विदेशों में घूमेंगे और चुनाव से ठीक पहले आपके पास आएंगे।

केजरीवाल ने कहा, आप का मानना है कि हर महीने चुनाव होने चाहिए और देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव के बजाय एक राष्ट्र, एक शिक्षा और एक राष्ट्र, एक उपचार प्रणाली लागू की जानी चाहिए। केन्द्र ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर विचार करने और संबंधित सिफारिशें करने के लिए आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि अमीरों के साथ-साथ गरीबों के बच्चों को भी समान गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलनी चाहिए और लोगों को उनकी सामाजिक स्थिति के बावजूद एक ही प्रकार का इलाज (चिकित्सा उपचार) मिलना चाहिए।

# यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा ने सोमवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के 261वें सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने दिनेश शर्मा को शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। शर्मा उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी और उपचुनाव आवश्यक हो गया था। दुबे भाजपा से ही राज्यसभा सदस्य थे। इस सीट से निर्वाचित शर्मा का कार्यकाल नवंबर 2026 तक होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग में प्रोफेसर 59-वर्षीय डॉ. दिनेश शर्मा लंबे समय से भाजपा के सदस्य हैं। उन्हें 2014 में भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। वह 2008 में पहली बार लखनऊ के महापौर निर्वाचित हुए थे। वह 2012 में दोबारा लखनऊ के महापौर बने थे।

# फिर बोले बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर

## मेरे सपने में आए राम, कहा- हमको सब बेच रहे, बचा लो

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** लगातार रामचरितमानस को लेकर विवादित से बयान देने वाले बिहार के शिक्षा मंत्री और राजद नेता चंद्रशेखर ने एक बार फिर से भगवान राम को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने अब कहा है कि भगवान राम उनके सपने में आए थे। दरअसल बिहार के शिक्षा मंत्री सुपौल में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि भगवान राम मेरे सपने में आए थे। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने बाजार में हमको बेच दिया है। हमको बिकने से बचा लो। इसलिए हम कभी-कभी इस तरह के बात कर देते हैं। दरअसल, शिक्षा मंत्री लगातार रामचरितमानस को लेकर अपने बयान देते रह रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उनकी बातों से असहमति जता चुके हैं। तेजस्वी यादव ने उनके बयानों को निजी बता दिया था। लेकिन उनका यह बयान लगातार जारी है।



यही कारण है कि भाजपा उनपर लगातार हमलावर है। इससे पहले बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर ने एक बार फिर यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि रामायण पर आधारित महाकाव्य रामचरितमानस में ₹कुछ ऐसी सामग्री है जो पोटेशियम साइनाइड (जहर) के समान है₹। गुरुवार को हिंदी दिवस मनाने के लिए एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए, चंद्रशेखर ने दावा किया कि रामचरितमानस में कई अच्छी चीजें हैं लेकिन कुछ ₹जहरीली चीजें₹ भी हैं। उन्होंने कहा कि यह वैसा ही है जैसे हम 55 तरह के स्वादिष्ट व्यंजन परोसते हैं और उसमें एक पोटैशियम साइनाइड मिला देते हैं। जब मैं ऐसी बातें बताता हूं तो वे मुझ पर आरोप लगाते हैं और कहते हैं कि मैं हिंदू और सनातन धर्म के खिलाफ हूं लेकिन जब मोहन भागवत कहते हैं तो इस पर किसी को आपत्ति नहीं होती।

चन्द्रशेखर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा, ₹चन्द्रशेखर सामाजिक विषाक्तता के स्रोत हैं। वह समाज में नकारात्मकता फैलाने को उत्सुक है। शिक्षा मंत्री शिक्षा और मानवता के लिए समान रूप से खतरा हैं। वह बार-बार रामचरितमानस और सनातन धर्म के खिलाफ बयान देते रहते हैं। उन्हें और उनके नेता, जिन्होंने केवल नौवीं कक्षा पूरी की है, को सनातन और रामचरितमानस की समझ नहीं है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय कक्ष में समारोह का नेतृत्व करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला देश की समृद्ध संसदीय विरासत को याद करने और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला देश की समृद्ध संसदीय विरासत को याद करने और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेने के लिए मंगलवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह का नेतृत्व करेंगे। करीब डेढ़ घंटे का यह समारोह राष्ट्रगान के साथ शुरू और खत्म होगा तथा उसके बाद दोपहर का भोजन होगा। इसके बाद शीर्ष नेता सभी सांसदों को नए संसद



भवन तक ले जाएंगे। राज्यसभा के एक बुलेटिन में कहा गया, ह्यह्यराज्यसभा और लोकसभा के सदस्यों से अनुरोध है कि वे भारतीय संसद की समृद्ध विरासत को याद करने और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के लिए एक समारोह में हिस्सा लेने 19 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे संसद के केंद्रीय कक्ष में इकट्ठा हों।

संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी केंद्रीय कक्ष में समारोह में स्वागत भाषण देंगे और इस अवसर पर वरिष्ठ सांसद भी संबोधित करेंगे। सूत्रों ने कहा कि भाजपा सांसद मेनका गांधी, जो सबसे वरिष्ठ लोकसभा सदस्य भी हैं, पहली वक्ता होंगी। मेनका गांधी के बाद समारोह को संबोधित करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से संपर्क किया गया है। हालांकि, सिंह के करीबी सूत्रों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की तबीयत कुछ समय से ठीक नहीं है और हो सकता है कि वह उपस्थित न हों। समारोह में वरिष्ठ सांसद शिबू सोरेन का संबोधन भी होगा, जिनका लोकसभा और राज्यसभा का संयुक्त अनुभव किसी भी अन्य सदस्य से अधिक है। समारोह को राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, उच्च सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी संबोधित करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के समारोह के दौरान संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान की एक प्रति ले जाने की भी उम्मीद है। केंद्रीय कक्ष के समारोह से पहले तीन अलग-अलग समूह की तस्वीरें पुराने संसद भवन के प्रांगण में ली जाएंगी। पहली तस्वीर राज्यसभा और लोकसभा दोनों के सदस्यों की, दूसरी राज्यसभा सदस्यों की और तीसरी लोकसभा सदस्यों की होगी। नए भवन में लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न 1.15 बजे शुरू होगी, जबकि राज्यसभा की बैठक अपराह्न 2.15 बजे होगी। वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रल्हाद जोशी ने व्यक्तिगत रूप से समारोह की व्यवस्था की निगरानी की और अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उन्होंने केंद्रीय कक्ष का दौरा किया। नए संसद भवन में कार्यवाही की शुरूआत गणेश चतुर्थी के दिन हो रही है, जो किसी भी नयी शुरूआत के लिए शुभ माना जाता है।

## भव्य मेला और दंगल का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को महापर्व हरतालिका तीज/कजरीतीज के पावन पर्व के शुभ अवसर पर सरोजनीनगर विधानसभा के ग्राम सभा बनी में सई नदी के तट पर स्थिति सिद्ध पीठ बाबा रेतेश्वर मन्दिर के प्रांगण में भव्य मेला और दंगल का आयोजन किया गया बताते चले कजरी तीज पर्व सैकड़ों सालों से मनाते चले आ रहे है इस शुभ पर्व के अवसर पर लोगों की बहुत आस्था रहेती है जिससे मेले में भीड और दंगल में पहेलवानों का जमावड़ा देखते ही बनता इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह चौहान, (एडवकेट )शिव शंकर सिंह चौहान,मनोज कुमार सिंह चौहान लखनऊ जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ पूर्व प्रधान जगनायक सिंह चौहान,पूर्व प्रधान राकेश सिंह चौहान,वर्तमान प्रधान रमेश गुप्ता एवं अन्य गडमान्य लोग तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## हैवानियत का शिकार बना डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर निवासी एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले 13 वर्षीय किशोर के ऊपर डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे के साथ आप्रकृतिक दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के मुताबिक बीती 14 सितंबर की दोपहर करीब 1 बजे वह अपने डेढ़ वर्षीय मासूम बेटे को घर में सोता हुआ छोड़कर राशन लेने चली गई थी। कुछ देर बाद जब वापस लौटी तो मासूम बिस्तर पर खून से लथपथ मिला।उसके मल रास्ते से खून बह रहा था। महिला का कहना है कि बाद में जानकारी हुई कि उसके पड़ोस में रहने वाले 13 वर्षीय किशोर ने उसकी गैर मौजूदगी में घर पहुंच कर मासूम के साथ आप्राकृतिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि जानकारी होने पर जब पीड़िता इसकी शिकायत करने आरोपी के घर पहुंची, तो आरोपी और उसके माता-पिता ने जाति सूचक गालियां देते हुए किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस इस मामले में आरोपी के खिलाफ आप्रकृति दुष्कर्म और एससी/ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे बाल गृह भेज दिया है। जबकि मासूम को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है।

## दो पक्षो में जमकर मारपीट,आठ घायल

नगराम। काजीखेड़ा गांव निवासी सरस्वती सोमवार को अपने घर के सहन में झाड़ू लगाने के बाद एकत्र कूड़ा पड़ोसी आदित्य के दरवाजे लगा दिया तो पड़ोसी आदित्य ने कूड़ा लगाने का विरोध किया ।इसी बात को लेकर दोनो पक्षो में शुरू हुआ वाद विवाद कुछ ही देर में खूनी संघर्ष में बदल गया ओर दोनो तरफ से जमकर लाठी-डंडे व लोहे से मारपीट हुयी। मारपीट की घटना में एक पक्ष से सरस्वती,नीलू,देवतादीन,जीवनलाल,हेमराज और दूसरे पक्ष से आदित्य पटेल,हर्षित पटेल व किरन घायल हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को इलाज के लिये सीएचसी भेजा, जहां मौजूद डाक्टर ने चार की हालत गम्भीर देख इलाज के लिये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।ग्रामीणो ने बताया दोनों पक्षों में पिछले कई दिनों से नाली की सफाई को लेकर विवाद हो रहा है ।पूरे मामलें की हरदोइया चौकी प्रभारी से शिकायत भी हुयी थी लेकिन समस्या का हल नही निकल पाया था ।अतिरिक्त इंस्पेक्टर बृजेन्द्र कुमार ने बताया दोनों पक्षो की तहरीर पर क्रास एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

# सरोजनीनगर में खुले में बिक रहा मांस, पार्षद ने महापौर से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के नादरगंज स्थित सिपेट चौराहे पर लगने वाली मीट, चाट और सब्जी आदि की दुकानों को लेकर यहां के पार्षद रामनरेश रावत ने महापौर और नगर आयुक्त से शिकायत की है। महापौर व नगर आयुक्त को भेजे गये शिकायती पत्र में पार्षद रामनरेश ने आरोप लगाया है कि सिपेट चौराहे पर आमिर खान नामक व्यक्ति वसूली के दम पर यह दुकानें लगवाता है। आरोप लगाया है कि यह सभी दुकानें नाली, नालों के अलावा सड़क पर अवैध और अस्थाई रूप से गुंडई के बल पर लगाई जा रही हैं। आरोप लगाया कि इन दुकानों का सारा मलबा नालों में डाल दिया जाता है।साथ ही यहां रास्ते में निकलने वाली महिलाओं के साथ अभद्र छींटाकशी तक की जाती है। पार्षद ने लिखा है कि बगल में ही हनुमान मंदिर होने के साथ ही करीब 1 किलोमीटर दूर एयरपोर्ट भी है। जिसकी वजह से मांस के टुकड़े लेकर पछी एयरपोर्ट के पास घूमते रहते हैं। आरोप लगाया कि यह करीब 20 दुकानें अवैध तरीके से आमिर खान द्वारा खुले में संचालित करवाई जाती हैं। आरोप है कि अगर नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी इन दुकानदारों का चालान करते हैं, तो आमिर खान नगर निगम टीम पर डंडों से हमला करवा देता है। इसके अलावा दुकानों से ही करीब 50 मीटर दूरी पर शराब की दुकान है। जहां दुकानों के सामने गाड़ियां खड़ी कर लोग शराब पीकर आने जाने वालों राहगीरों को परेशान करते रहते हैं। जिससे उनका निकलना दूभर हो जाता है।पार्षद ने बताया है कि इसकी वजह से यहां साफ सफाई करने में नगर निगम कर्मचारियों को समस्या उत्पन्न होती रहती है। इसको लेकर पार्षद रामनरेश रावत ने महापौर और नगर आयुक्त से यहां की सभी दुकानें को हटवाने की मांग की है।

## महिला के खिलाफ गाली गलौज और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के अमौसी स्थित चकुलिया टोला निवासी फुरकान ने अपनी पड़ोसी महिला सोनी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में गाली गलौज और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फुरकान का कहना है कि सोनी कई दिनों से अपने दरवाजे पर अवैध तरीके से सीढ़ी बना रही है। जिससे पीड़ित और उसके परिवार वालों का आना-जाना बंद हो सकता है। फुरकान का कहना है कि मना करने पर विवाद बढ़ा तो गांव के तमाम लोग इकट्ठा हुए और उसे समझाया। लेकिन इसके बावजूद सोनी गाली गलौज करते हुए फिर से सीढ़ी बनवाने की कोशिश करने लगी। विरोध करने पर उसने झूठे मुकदमे में फंसाने के साथ ही अपने गुंडों के जरिए हाथ पैर तुड़वाने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बीमारियों से बचाव के लिए एंटी लार्वा का हुआ छिड़काव

अमन लेखनी समाचार



एंटी लार्वा का छिड़काव करते – प्रधान संघ अध्यक्ष प्र. अंजू सिंह

लखनऊ। सितंबर माह के तीसरे सप्ताह से दिन मे गर्मी व रात मे सर्दी से वायरल बुखार, डेंगू, टायफाइड जैसे संचारी रोगों ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है। जिसके लिये शासन ने संचारी रोग नियंत्रण हेतु ग्राम पंचायतों मे विशेष अभियान चलाकर गांवों की सफाई, कीटनाशक एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के साथ मच्छरजनित रोगों की रोकथाम हेतु फागिंग कराना शुरू कर दिया है। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत पुरवा मे प्रधानसंघ अध्यक्ष प्र. अखिलेश सिंह अंजू ने एंटी लार्वा का छिडकाव कराने के साथ गांव के प्रत्येक मोहल्लों मे सफाई का कार्य कराया। साथ ही उन्होंने गांव वासियों से अपील की कि इस समय मच्छरजनित रोग डेंगू, टायफाइड बुखार, सर्दी, खांसी आदि अधिक हो रहा है। इसलिये अपने-अपने घरों के आसपास गन्दगी न होनें दे। साथ ही घरों मे कूड़ा कबाड़ आदि का जमावड़ा न लगायें। जिससे मच्छर अपना घर बना सके। घरों मे गन्दा पानी अधिक समय तक न रूकने दें। क्योंकि गन्दगी वाले स्थानों पर ही मच्छरों का प्रकोप अधिक होता है।जिससे संचारी रोग बढ़ने के आसार अधिक हो जाते हैं। इसलिये ग्रामीणों से अपील की कि गन्दगी न होनें दें। छिड़काव होता देख ग्राम वासियों ने ग्राम प्रधान की जमकर प्रशंसा की।

## भाजयुमो ने सेवा पखवाड़ा पर लगाया रक्तदान शिविर,73युवाओ ने किया महादान



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा लखनऊ द्वारा मोहनलालगंज सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया हैं ।रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिहं, विधायक अमरेश कुमार रावत व भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने किया।जिसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह व भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पांडे समेत 73युवाओ ने रक्तदान किया।भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिहं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों से देश गौरान्वित महसूस कर रहा है। आए दिन नए आयाम स्थापित करता हुआ वैश्विक पटल पर बेहतरीन छवि बना रहा है।इस मौके पर पूर्व विधायक चन्द्रा रावत,जिलामहामंत्री राज कुमार वर्मा,रामलाल वर्मा,जिलाउपाध्यक्ष अरविंद यादव,पूर्व जिलामहामंत्री राज कुमार पांडे,भाजयमो जिला उपाध्यक्ष विशाल तिवारी,सनी पांडे,निगोहां मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभम सिंह,रूद्र प्रताप सिंह,मनीष तिवारी,जयदीप समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व युवा मौजूद रहें।

# अवध प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सदस्यों को किया गया सम्मानित



**पत्रकार आम जनमानस की आवाज को अपनी लेखनी से समाज में उठते हैं, सुजीत**

अमन लेखनी समाचार

बन्थरा। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा पत्रकारों के सम्मान समारोह का आयोजन बंथरा क्षेत्र के जुनाबगंज स्थित उत्सव भोग फैमली ढाबे पर किया गया। रविवार की देर शाम भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ने अवध प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह उपाध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर महामंत्री मोनू सिंह उपाध्यक्ष बलराम सिंह सह संगठन मंत्री नितिन पटेल प्रचार मंत्री ऋषि राज गुप्ता मीडिया प्रभारी अभिलाष मिश्रा तथा सदस्य महेंद्र राजपूत दीपराज सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ने कहा कि पत्रकारों का सम्मान इसलिए जरूरी है क्योंकि इनके द्वारा समाज के दबे कुचले व आम लोगों की आवाज अपनी लेखनी के द्वारा उठाई जाती है जिसकी वजह से समाज में तमाम लोगों को न्याय मिल पाता है। उपाध्यक्ष ने कहा पत्रकार हर समय दिन रात धूप छांव में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए समाज की सभी समस्याओं को अपनी खबरों के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराते हैं जिसकी वजह से तमाम समस्याओं का निदान भी होता है। सुजीत सिंह ने कहा कि अच्छे पत्रकारों का सम्मान सभी को करना चाहिए क्योंकि इन्हीं की वजह से आज आम जनमानस की दबाई जाने वाली आवाज को सभी लोगों तक पहुंचाई जाती है।

## वृहद स्वास्थ कैम्प में 48बुखार पीड़ित मरीजो की जांच,बांटी दवायें



अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज**।सिसेंडी गांव में तेज बुखार के प्रकोप को देखते हुये उपजिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को मिनी सचिवालय में वृहद स्वास्थ कैम्प का आयोजन कर बुखार पीड़ित मरीजो की डाक्टरो की टीम ने जांच कर उन्हे परामर्श देने के साथ दवाओ का वितरण किया गया ।वृहद स्वास्थ शिविर में सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार की निगरानी में डा०आशीष कुमार सिहं,डा०अनुराधा, डा०अभयानंद ने 48 मरीजो की जांच कर उनको दवाओ का वितरण किया। सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार ने बताया वृहश स्वास्थ शिविर में बुखार पीड़ित मरीज अंजुम, शिवांशु, प्रियासी,विद्या गुप्ता, वंदना, ज्ञान प्रकाश, माही, सलानी, निदा के ब्लड का सैपंल सीबीसी जांच के लिये लिया गया ।मरीजो का डेंगू व मलेरिया का रैपिड टेस्ट भी किया गया,जिसकी रिपोट निगेटिव आयी ।बुखार का प्रकोप कम होने तक प्रतिदिन स्वास्थकर्मियो की टीम गांव में डोर टू डोर जाकर स्वास्थ परीक्षण करेगी ।बीडीओ पूजा सिहं के निर्देश पर सचिव ने गांव में साफ-सफाई कराने के साथ फांगिग करायी गयी।

# दंगल के अखाड़े में पहलवानो ने दिखाये दांव-पेंच

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के जबरौली गांव में सोमवार को कजरी तीज पर्व पर पौराणिक मेले व दंगल का आयोजन किया गया ।मुख्य अतिथि यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी व विधायक अमरेश कुमार रावत नें दगंल में पहुंचकर पहलवानो का उत्सावर्धन किया ।दोनो ही अतिथियों ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानो का हाथ मिलवाकर दगंल का शुभारम्भ कराया,जिसके बाद पहलवानो ने अखाड़े में अपने -अपने दांव-पेच दिखाये ।अतिथियों ने विजेता पहलवानो को माला पहनाकर व नगद पुरूस्कार देकर सम्मानित किया ।दगंल मे दूर-दराज के जनपदो से पहुंचे पुरूष पहलवानो ने अपने अपने दांव पेच दिखाये। चार दर्जन के करीब पहलवानो की जोड़ी का कमेटी द्वारा परीक्षण कर कुश्ती करायी गयी ।प्रधान प्रतिनिधि व आयोजक विवेक अवस्थी ने मुख्य अतिथितियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेटकर स्वागत किया। आयोजन विवेक अवस्थी ने बताया कि गांव में प्रति वर्ष पारम्परिक रूप से कजरी तीज के दिन दंगल व पौराणिक मेले के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है ।इस मौके पर बसपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, डीडीसी अमरेन्द्र भारद्वाज, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिहं उर्फ बब्लू ,प्रधान ललित शुक्ला,प्रधान अभय कान्त दीक्षित, रवि शंकर तिवारी,मंडल सुधांशु सिहं,किसान नेता रिशी मिश्रा, भाजपा नेता विवेक तिवारी, विनीत सिहं, अवनीश कुशवाहा समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

## हाईवे पर टैक्सी विक्रम के पंचर होने से वाहनों के निकलने में हुई दिक्कत

बंथरा। थाने के पास लखनऊ कानपुर हाईवे सड़क पर एक विक्रम टैक्सी टायर पंचर हो जाने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके चलते वाहनों के आवागमन में दिक्कत हुई। सोमवार की दोपहर लगभग 2:30 बजे बंथरा थाने के लगभग 300 मीटर आगे एक विक्रम टैक्सी का टायर पंचर हो गया ।जिसके कारण लखनऊ की तरफ से उन्नाव की ओर जा रहे वाहनों के संचालन में दिक्कत हो गई। लखनऊ कानपुर हाईवे सड़क पर विक्रम का टायर पंचर हो जाने के बाद विक्रम का चालक टायर बदलने के लिए सड़क पर ही उसे खोलने लगा और सड़क संकरी होने के कारण वाहनों को निकालने में कुछ देर के लिए समस्या उत्पन्न हो गई जिसके चलते जाम के हालात कुछ देर के लिए बन गए। हाईवे सड़क पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर सड़क का आधा हिस्सा लगभग निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोहे की चादरों को लगाकर अपने कब्जे में ले लिया है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

**सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा प्रधानमंत्री का जन्मदिन, दीघार्यु होने की कामना की**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। भाजपा युवा मोर्चा लखनऊ महानगर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के 73वे जन्म दिवस पर सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से सोमवार को केजीएमयू स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारियो समेत कार्यकताओं ने रक्तदान किया। केजीएमयू में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी , प्रदेश प्रवासी के तौर पर युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री शिवेंद्र विक्रम विक्रम शाही द्वारा किया गया।इसके बाद युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री शिवेंद्र विक्रम शाही समेत पार्टी के कई पदाधिकारी ने रक्तदान किया इस दौरान प्रदेश मंत्री शिवेंद्र विक्रम शाही ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश विश्व गुरु बन रहा है। वहीं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भाजपा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है इसके तहत युवा मोर्चा रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है यह रक्तदान कई जरूरतमंदों की जिंदगी को बचाने के काम आएगा।

# बाउंड्री वॉल गिराकर नुकसान करने के साथ जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** वजीरगंज के हरगोविंद विला निवासी स्मिता चंद्रा ने बिजनौर थाने में माल एवेन्यू निवासी प्रदीप वैद्य, उनकी पत्नी रश्मि वैद्य और सीपी सिंह नामक व्यक्ति के खिलाफ बाउंड्री वॉल गिराकर नुकसान करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्मिता चंद्रा का कहना है कि उन्होंने करीब 17 वर्ष पहले रश्मि वैद्य से बिजनौर के नटकुर स्थित प्लॉट संख्या -52 में 450 वर्ग फुट का प्लाट खरीदा था और उसकी रजिस्ट्री 30 सितंबर 2006 को करा ली थी। बाद में करीब डेढ़ फुट ऊंची बाउंड्री वॉल कराकर उसे छोड़ दिया। काफी दिनों बाद बीते महीने जब स्मिता अपने प्लाट पर पहुंची तो उसकी बाउंड्री वॉल की ईंटें गायब मिली। जिस पर उन्होंने पुनः बाउंड्री वॉल का निर्माण कराना शुरू किया। आरोप है कि बाउंड्री वॉल का निर्माण हो रहा था, तभी रश्मि वैद्य द्वारा भेजे गए सीपी सिंह खुद को अधिवक्ता बताते हुए अन्य लोगों के साथ पहुंचे और काम कर रहे मजदूरों को डराया धमकाया। साथ ही रश्मि वैद्य के पति प्रदीप वैद्य की ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए ना मानने पर सब लोगों को गायब करने की धमकी दी। जिससे डर कर मजदूर वहां से भाग गए। स्मिता का कहना है इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। जहां न्यायालय ने उनके पक्ष में निर्णय देते हुए अन्य को किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप न करने का आदेश दिया। इस आदेश के बाद स्मिता ने पुनः चारदीवारी का निर्माण शुरू किया। आरोप है कि 3 सितंबर 2023 को बाउंड्री वाल का निर्माण लगभग पूरा होने को था। तभी सीपी सिंह अपने कई साथियों के साथ वहां पहुंचे और जबरन कार्य रुकवा दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जहां पुलिस ने भी न्यायालय का आदेश देखकर बाउंड्री वाल का निर्माण करने के लिए स्मिता से कहा। जिस पर स्मिता ने बाउंड्री वाल का निर्माण कराने के साथ उस पर अपना नाम पता और न्यायालय का विवरण लिखवा दिया। आरोप है कि इसी बीच पहुंचे सीपी सिंह ने फिर मजदूरों को धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं आरोप है कि बाद में रश्मि वैद्य, उनके पति प्रदीप वैद्य और सीपी सिंह द्वारा बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त करने के साथ ही अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से उस पर लिखा न्यायालय का विवरण भी ध्वस्त कर दिया। फिलहाल बिजनौर पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# भव्य मेला और दंगल का आयोजन किया गया



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोमवार को महापर्व हरतालिका तीज/कजरीतीज के पावन पर्व के शुभ अवसर पर सरोजनीनगर विधानसभा के ग्राम सभा बनी में सई नदी के तट पर स्थिति सिद्ध पीठ बाबा रेतेश्वर मन्दिर के प्रांगण में भव्य मेला और दंगल का आयोजन किया गया बताते चले कजरी तीज पर्व सैकड़ों सालों से मनाते चले आ रहे है इस शुभ पर्व के अवसर पर लोगों की बहुत आस्था रहेती है जिससे मेले में भीड और दंगल में पहेलवानों का जमावड़ा देखते ही बनता इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह चौहान, (एडवकेट )शिव शंकर सिंह चौहान,मनोज कुमार सिंह चौहान लखनऊ जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ पूर्व प्रधान जगनायक सिंह चौहान,पूर्व प्रधान राकेश सिंह चौहान,वर्तमान प्रधान रमेश गुप्ता एवं अन्य गडमान्य लोग तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# आबकारी विभाग और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।मध्य प्रदेश के धार जिले से आजमगढ़ के लिए कोरियर के माध्यम से तस्करी के लिए भेजी गई भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब बिजनौर इलाके में पकड़ी गई। आबकारी विभाग और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने बरामद अवैध नकली विदेशी शराब को अपने कब्जे में लेने के साथ ही इस मामले में तस्करों के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आबकारी निरीक्षक इंगिता पांडेय के मुताबिक शनिवार रात करीब 10:15 बजे जिला आबकारी अधिकारी से सूचना मिली कि एसटीएफ टीम द्वारा बिजनौर क्षेत्र में अवैध शराब होने की खबर मिली है। इस सूचना पर उन्होंने एसटीएफ टीम से संपर्क कर संयुक्त रूप से माती स्थित डीटीडीसी एक्सप्रेस लिमिटेड कोरियर गोदाम पर पहुंच गई। जहां मिले उक्त कंपनी के विजिलेंस एवं सिक्योरिटी मैनेजर अंकित पांडेय ने 11 सील पैक को दिखाते हुए बताया कि यह पैकेट कोरियर गोदाम से आए हैं। जिसमें शराब जैसी गंध आ रही है। इसपर एसटीएफ और आबकारी टीमों ने इन पैकटों को खोलकर देखा तो उसमें कुल 1804 पौव्वा 8 पीएम ब्रांड की शराब मिली। जिस पर डिस्डटल्ड व्लेन्ड एण्ड पैक्ड वाई रेडिको खेतान लि., बरेली रोड, रामपुर लिखा मिला। बाद में जब उससे संबंधित बिल्टी प्रपत्र का परीक्षण किया गया तो वह इमल्शन प्रोडक्ट के नाम से बुक था, जो महावीर हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रिकल स्टोर, सगौर कुटी, बेथमा रोड पिथमपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश द्वारा भेजी गई थी और इसके प्राप्तकर्ता मेसर्स अरविंद ट्रेडर्स आजमगढ़ रोड देवगांव, आजमगढ़ अंकित था। आबकारी निरीक्षक इंगिता पांडेय के मुताबिक जांच पड़ताल करने पर सारी शराब नकली और अवैध पाई गई, जिसे उत्तर प्रदेश की शराब के नाम पर धोखे से बेचने की नीयत से तस्करी का कार्य किया जा रहा था। फिलहाल बाद में आबकारी अधिकारियों ने बरामद शराब को अपने कब्जे में लेने के साथ ही उसके कुछ नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं। वहीं इंगिता पांडेय की तहरीर पर बिजनौर पुलिस इसे भेजने वाले और प्राप्त करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### विद्युत करंट की चपेट से युवक झुलसा

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी प्रदीप 25 वर्ष पुत्र रामराज बीती देर शाम को मोबाईल की बैटरी को चार्ज करने के लिए जैसे ही पलग स्वीच बोर्ड में लगाया करंट उतर आया। बिजली का झटका लगने पर वह चीखते हुए दूर जा गिरा। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर स्वीच बोर्ड को डिस्कनेक्ट किया। लेकिन तब तक प्रदीप झुलसकर मुर्छित हो गया परिजन आनन-फानन में एक निजी चिकित्सक के क्लीनिक पर उसे लेकर पहुंचे। जहां हालत बिगड़ती देख डॉक्टर ने दूसरे अस्पताल ले जानें की सलाह दी। परिजन आनन फानन बांगरमऊ नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई दर्दनाक मौत

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के नवाबगंज कस्बा के पास रविवार रात अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से युवक की मौत हो गई। जानकारी पर चौकी पुलिस ने जांच के बाद परिजनों को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कानपुर थाना कर्नलगंज के तकिया बेगमगंज का रहने वाले मोहम्मद समीर का पैंतीस वर्षीय बेटा जानी पांच साल से हसनगंज थाना क्षेत्र के मोहान जोगियाना गांव के आजाद नगर मोहल्ला के रहने वाले ससुर नूर मोहम्मद के पास पांच साल से रह रहा था। यहां रहकर कबाड़ खरीदने का काम करता था। रविवार को वह दोपहर घर से किसी काम को लेकर नवाबगंज गया था। जहां नवाबगंज कस्बा के पास अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से जानी की मौत हो गई। जानी चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। मौत की खबर मिलने पर पत्नी किस्मत जहां व इकलौती बेटी शेरनी रो-रोकर बदहवास हो गई। सोमवार दोपहर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### नहर में नहाने गए किशोर की पानी में डूबने से मौत

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के कबरोई गांव स्थित नहर में रविवार शाम नहाते समय किशोर के गहरे पानी में चले जाने से डूबकर मौत हो गई। रात घर न पहुंचने पर परिजन खोजबीन कर रहे थे। किशोर के न मिलने पर देर रात पुलिस को सूचना दी। सोमवार सुबह पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नहर से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बतातें चलें कि कबरोई गांव के रहने वाले सूरजन का सत्तरह वर्षीय बेटा सौरभ अपने हम उम्र तीन साथियों के साथ शाम को गांव स्थित नहर में नहाने गया था। नहाते समय सौरभ गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। साथ में मौजूद अन्य साथी नहाने के बाद घर चले गए। मगर सौरभ का ध्यान नहीं दिया। रात घर न पहुंचने पर परिजनों देर रात पुलिस को सूचना दी। सोमवार सुबह थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने मय फोर्स गांव पहुंच ग्रामीणों की मदद से खोजबीन की। तब पता की वह साथियों के साथ नहर नहाने गया था। जानकारी हासिल कर पुलिस ने नहर में किशोर की खोजबीन शुरू की। तब सौरभ का शव नहर में मिलने पर बाहर निकलवाया और जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई है।

# विजयी विश्व भारती रत्न अवार्ड 2023 के लिए हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान के लिए जनपद उन्नाव से पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु चयन किया गया है। सामाजिक कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान के लिए चयनित होकर उन्नाव जिले का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत एवम उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले ₹ वदीर्धारी मास्टर जी ₹ और पर्यावरण संरक्षण कार्यों हेतु ₹ ट्री मैन ₹ के नाम से अत्यंत लोकप्रिय हैं , वे लगभग 25 वर्षों से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं । पुलिस ड्यूटी के दायित्व को बाखूबी निभाने के साथ साथ सराहनीय सामाजिक कार्यों के जरिये समाज में खाकी का मान सम्मान बढ़ाने वाले सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर तत्कालीन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस ओ. पी. सिंह द्वारा प्रद्दत प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पी .ए .सी . मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया था । इसके अलावा महात्मा गांधी सेवा रत्न , सोशल ब्रेवरी , यू पी रत्न , राष्ट्रीय शौर्य सम्मान , भारत गौरव , नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड के साथ ही कई अवॉर्ड से उन्हें नवाजा जा चुका है । गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अनूप मिश्रा द स्ट्रीट क्लासेस चलाते हैं जिनमें बच्चों को निःशुल्क पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और इन बच्चों को कॉपी , किताब , पेन पेंसिल , स्लेट , कलर्स , स्कूल बैग्स आदि शिक्षण सामग्री पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपने वेतन के पैसों से उपलब्ध करवाते हैं। ₹ राइट टू एजुकेशन ₹ के तहत प्रशासन के सहयोग से उन्होंने अभी तक 10000 से अधिक बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाया है । बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत वे अभावग्रस्त परिवार की 5 बेटियों की शिक्षा का खर्च स्वयं उठाते हैं , जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों और कच्ची बस्तियों में सिलाई , कढ़ाई , अचार चटनी मुरब्बा बनाने की कला और कुकिंग आदि के निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित करते हैं। ट्रीमैन के नाम से मशहूर अनूप मिश्रा द्वारा एक लाख से अधिक पौधे लगाने और सेल्फी विद झोला अभियान के तहत एक लाख से अधिक लोगों को कपड़े या जूट से बने थैलों को उपयोग में लाने के प्रति जागरूक करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है । वहीं विजयी विश्व भारती रत्न अवार्ड के लिए चयनित उन्नाव जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कंपोजिट बीघापुर की शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों और नवाचार हेतु ₹ कर्मयोगी शिक्षिका ₹ के रूप में जाना जाता है । शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु इसी वर्ष शिक्षक दिवस पर उनको उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य शिक्षक 2022 पुरुस्कार से सम्मानित भी किया गया है । शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने अपने स्वयं के खर्चे से उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कंपोजिट, बीघापुर में स्मार्ट क्लास की शुरूआत करके बच्चों को रुचिकर शिक्षा देने का अनूठा प्रयास किया है । शिक्षा के साथ साथ वे बच्चों को आत्मनिर्भर बनने का ज्ञान भी दे रही हैं। नवाचार युक्त शिक्षण, आत्म रक्षा प्रशिक्षण, योगा प्रशिक्षण, व्यवसायिक प्रशिक्षण( सॉस, जैम, धूप बत्ती, साबुन आदि बनाने का प्रशिक्षण ), महिला स्वालंबन आदि सरोकार करने वाली शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को एजुकेशन लीडर सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, राज्य स्तरीय मतदाता जागरूकता सम्मान, मिशन शक्ति सम्मान, अनंता सम्मान, आयुष योगा सम्मान, आईसीटी प्रतियोगिता पुरस्कार, आदर्श शिक्षक सम्मान, राष्ट्रीय गौरव सम्मान, साउथ एशिया वूमेन अवार्ड, इंस्पायरिंग वूमेन अवॉर्ड पुरस्कार सहित कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। विजयी विश्व भारती फाउंडेशन द्वारा 21 सितंबर को लखनऊ के बौद्ध शोध प्रेक्षागृह में देश प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों के साथ पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान -2023 से सम्मानित किया जाएगा ।

## जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल,मे विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत युवा मोर्चा, उन्नाव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे युवा मोर्चा के आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और शतायु होने की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार और सदर विधायक पंकज गुप्ता ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने शिविर रक्तदान करने के पश्चात आम जनमानस से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल मे समय-समय रक्तदान करते रहना चाहिये क्योकि आपके रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, जिला उपाध्यक्ष महेश चन्द्र दीक्षित, कृष्ण कुमार वर्मा एवं राकेश साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह एवं अंकित यादव, जिला उपाध्यक्ष कुश सिंह, धीरज सिंह एवं नमन बाजपेई, जिला मंत्री अखिलेश प्रताप सिंह एवं विवेक राजपूत, नगर अध्यक्ष शुक्ल, उपाध्यक्ष ऋषि सिंह, नगर मंत्री शुभम शर्मा उपस्थित रहे।

## अवैध नर्सिंग होम एवं जांच केन्द्र पर चला एसडीएम का चाबुक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। उप जिलाधिकारी नूपुर गोयल सीओ विजय आनंद एवं उपमुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह के संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अल्फा डायग्नोस्टिक्स देखा गया। यहां पर कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं था जबकि केंद्र खुला हुआ था। केंद्र को बंद करवाते हुए संबंधित चिकित्सा को उपजिलाधिकारी के समक्ष अपने सभी दस्तावेजों सहित उपस्थित होने को कहा गया है। उसके उपरांत अकसा मल्टी स्पेशलिस्ट हेल्थ सेंटर डॉक्टर हसीन अहमद के क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया वह तत्काल क्लीनिक बंद करने को निर्देशित किया गया तदोपरांत रहमान चैरिटेबल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया जिसका रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल नहीं था एवं कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं था जिस पर वहां भर्ती तीन मरीजों को डॉक्टर मुकेश सिंह चिकित्सा अधीक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ में भर्ती करने के निर्देश दिए गए। वही पंजीकरण होने तक रहमान चैरिटेबल हॉस्पिटल को बंद रखने को निर्देश दिया।

## धोखाधड़ी कर जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाले तीन युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ग्राम खानपुर दिलवल थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात निवासी रूप कुमार पुत्र राम शंकर ने थाना पुरवा में दर्ज कराए मुकदमे में बताया था की उसके सगे मामा राम प्रकाश पुत्र दयाराम उर्फ कृष्णस्वरूप निवासी ग्राम मेदपुर तहसील व थाना पुरवा जिला उन्नाव हाल निवासी 1001/116 रावतपुर नई बस्ती आदर्श नगर थाना कल्यानपुर जनपद कानपुर नगर के नाम दर्ज गाटा सं0 369 रकबा 0.6230 हे0 स्थित ग्राम मेदपुर में थी मेरे मामा का विवाह नहीं हुआ था मामा के कोई सगे भाई भी नहीं थे, उनकी मौत बीते 20.04.2020 को हो गयी थी। मामा की भूमि खाली पड़ी थी। वो अपने मामा के साथ उनके जीवन काल में अक्सर उनके पैत्रक गांव आता जाता था बीती 18.04.2023 को गांव आया तो उसे मालूम चला की उसके मामा के नाम दर्ज भूमि को टिल्लू उर्फ सतीश नाई पुत्र बंशी मूल निवासी ग्राम पोंगहा थाना पुरवा ग्राम व रामरतन पुत्र राजाराम निवासी इब्राहिमपुर व सोनू पुत्र फूलचन्द्र निवासी सभागा व सचिन पुत्र शिव कुमार निवासी मंगलखेड़ा थाना कोतवाली पुरवा ने मिलकर मामा की बेसकीमती भूमि को हड़पने व बेईमानी करने की बेजा नियत से षडयन्त्र व जालसाजी एवं कूटरचित व छल कपट करके फर्जी तरीके से कागजात तैयार कराकर बैनामा दिनांक 17.04.2023 को करा लिया जब उसने बैनामे की सत्यापित नकल निकलवाया तब उसको पूर्ण विश्वास हुआ कि उपरोक्त लोगो ने षड्यन्त्र के तहत भूमि को हड़पने की नियत से उपरोक्त फर्जी बैनामा कराया है उसने जब रामरतन पुत्र राजाराम से पूछा तो रामरतन ने उसको मां बहन की गालियां देते हुए कहा कि यदि कोई कानूनी कार्यवाही की तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। उक्त बैनामा में उक्त टिल्लू उर्फ सतीश नाई प्रार्थी के मामा रामप्रकाश के स्थान पर स्वयं का फोटो व फरजी आधार कार्ड लगाकर बैनामा किया है उप निरीक्षक जितेन्द्र पाण्डेय मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में आरोपी टिल्लू उर्फ सतीश नाई पुत्र बंशी सोनू पुत्र फूल चंद्र सचिन पुत्र शिव कुमार को मंगतखेड़ा बाजार स्टैण्ड से गिरफ्तार किया।

## ब्लाक परिसर में मौजूद कर्मचारी व ग्राम प्रधानों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आज विकास खंड परिसर मे सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को ब्लाक मुख्यालय में बी डी ओ ने कर्मचारियों एवं उपस्थित ग्राम विकास अधिकारियो तथा प्रधानों आदि को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सरकार द्वारा 15सितंबर से 2अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम एवं कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत बी डी ओ अनिल कुमार सिंह ने कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों को अपने आस पास व गाँवो को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें विदेशों से स्वच्छता रखने की सीख लेनी चाहिए। स्वच्छता से जहाँ वातावरण शुद्ध रहता है वहीं स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इसी क्रम में गाँवो में भी कार्यक्रम हुए और अमृत वाटिका, शिलाफटकम में चल रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में लवानी, फखरा पुर, भड़सर नौशाहरा, पेशारी, खैरी गुरुदास पुर आदि में कलश यात्रा निकाल कर घर घर से मिट्टी एकत्र की गई। शपथ कार्यक्रम में ए डी ओ पंचायत हेमन्त कुमार, ग्राम विकास अधिकारी विवेक कुमार, शैलेन्द्र त्रिपाठी, अभय सिंह, विमल कुमार, अमित पटेल तथा अभिनव अवस्थी, महेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# लाखों कीमत से बना मिनी सचिवालय खंडहर में तब्दील

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। एक तरफ सरकार मिनी सचिवालय को बनवा कर आम जनमानस को गांव में ही सुविधाएं देने का प्रयास कर रही हैं तो वहीं दूसरीओर पुरवा ब्लॉक के बैजुवामऊ में 10 वर्ष पूर्व बना मिनी सचिवालय खंडहर में तब्दील हो गया है। पुरवा ब्लॉक क्षेत्र के बैजुवामऊ सूची ग्राम सभा में वर्ष 2012-13 में बना लाखों की कीमत से बना मिनी सचिवालय रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया है। खिड़कियां सब गायब हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि मिनी सचिवालय में आज तक कोई खुली बैठक तक नहीं आयोजित की गई जबकि सरकार का नियम है की खुली बैठक मिनी सचिवालय में ही आयोजित की गयी । ग्राम प्रधान व पंचायत अधिकारी के उदासीन रवैया के कारण मिनी सचिवालय आज खंडहर में तब्दील हो चुका है। सरकार के आदेशानुसार ग्राम सभा में बने मिनी सचिवालय से ही आम जनमानस को आय, जाति, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र सहित कई योजनाओं का लाभ मिनी सचिवालय से मिल सके। उन्हें ब्लॉक व तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## बकरा चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र छित्तेपुर गांव में बीती रात ग्रामीणों ने बकरा चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। जिस पर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र छित्तेपुर गांव में रविवार की रात को राजेश रावत के घर बाहर से लखनऊ जिला थाना पारा निवासी शुएब 24 वर्ष अपने साथी सोनू के साथ एक बकरा व एक बकरी चोरी कर लिए जा रहे थे। तभी ग्रामीणों ने शुएब को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया। साथी सोनू मौके से भाग गया। जिसपर पुलिस ने चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया की चोरी के आरोप में युवक को कोर्ट में पेश किया गया है। जहा से जेल भेज दिया गया है।

## चोरी के दो मोबाइल के साथ तीन चोर गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

मौरॉवा, उन्नाव। उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोतेश्वर तिराहे से राजा उर्फ मो0 साहिद पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम सगौली थाना मौरावां, सौरभ चौधरी पुत्र रविशंकर अबरार पुत्र स्व0 इजहार पता उपरोक्त के कब्जे से चोरी के दो अदद मोबाइल फोन व बिना कागजात एक मोटर साइकिल यू0पी0 32 छल् 7061 स्पेलण्डर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो से मोबाइल फोन के बारे में पूछने पर बताया कि राहगीरो से अलग अलग स्थानो पर छीना था । अभियुक्तो के पास बरामद मोबाइल फोन को कब्जे मे लिया गया तथा मोटर साइकिल यू0पी0 32 एल एच 7061 स्पेलण्डर रंग काला को सीज किया गया ।

# जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल,मे विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत युवा मोर्चा, उन्नाव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे युवा मोर्चा के आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और शतायु होने की कामना की।

भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार और सदर विधायक पंकज गुप्ता ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने शिविर रक्तदान करने के पश्चात आम जनमानस से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल मे समय-समय रक्तदान करते रहना चाहिये क्योकि आपके रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, जिला उपाध्यक्ष महेश चन्द्र दीक्षित, कृष्ण कुमार वर्मा एवं राकेश साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह एवं अंकित यादव, जिला उपाध्यक्ष कुश सिंह, धीरज सिंह एवं नमन बाजपेई, जिला मंत्री अखिलेश प्रताप सिंह एवं विवेक राजपूत, नगर अध्यक्ष शुक्ल, उपाध्यक्ष ऋषि सिंह, नगर मंत्री शुभम शर्मा उपस्थित रहे।

# भाजपा सोशल मीडिया कार्यशाला में लगा साइबर योद्धाओं का जमघट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सभी पार्टियां में भाजपा के सोशल मीडिया और आईटी का डर रहता हैं और भाजपा को इस क्षेत्र में सबसे मजबूत माना जाता है भाजपा अपनी 2024 की तैयारियों के लिए इसको भी धार दे रही है इसी को लेकर प्रदेश में शंखनाद अभियान के अंतर्गत कार्यशाला और अब जिले में भाजपा कार्यालय उन्नाव में कार्यशाला आयोजित कर साइबर योद्धाओं को युद्ध के लिए तैयार किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय संयोजक आयुष बाजपेई जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार विधायक पंकज गुप्ता ने आईटी सोशल मीडिया प्रभारी योद्धाओं को नए कौशल के कई गुर सिखाए।

इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संयोजक आयुष बाजपेई ने कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रभावी पक्ष के लिए शंखनाद अभियान प्रारंभ किया जा रहा है शंखनाद अभियान के जरिए ऐसी रणभेरी बजानी है की विरोधी बिलों में घुस जाएं विरोधियों के किसी भी झूठ का जवाब लाभार्थियों से दिलवाना है जिससे उनके झूठ का न सिर्फ पर्दा फाश होगा बल्कि उनको मुंहतोड़ जवाब भी मिलेगा। भाजपा की सोशल मीडिया टीम दो लोगों से एक कमरे में शुरू हुई थी अब जिले में इतनी बड़ी टीम के साथ आप सामने बैठे है

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा पचास प्रतिशत चुनाव सोशल मीडिया द्वारा लड़े और जीते जाते हैं आप अपनी इतनी बड़ी टीम के साथ सोशल मीडिया में छा जाओ कोई भी फोन खोले तो भाजपा के सेवा के कार्य ही दिखाई दें आज का युग सोशल मीडिया का है और अब साइबर युद्ध लड़े जाते हैं आप सब साइबर योद्धा हैं आप की चुनाव में सबसे अहम भूमिका है।

विधायक पंकज गुप्ता ने कहा किसी के विचार को परिवर्तित कर हमारे साथ जोड़ने का यदि कोई कार्य कर सकता है तो वह सोशल मीडिया के योद्धा इनमें उंगलियों से देश बदलने की ताकत है समाज में दिखकर जो कार्य किए जाते हैं उनसे ज्यादा महत्वपूर्ण समाज में बिना दिख किए गए कार्य हैं।

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार विधायक पंकज गुप्ता मुख्य अतिथि आयुष बाजपेई, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, आशीष बाजपेई अटल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक सोशल मीडिया जैनेंद्र शुक्ला और समापन आईटी संयोजक अवनीश शुक्ला ने किया।

कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष राकेश कृष्ण साहू महेश चंद्र दीक्षित कृष्ण कुमार वर्मा जिला कोषाध्यक्ष व समन्वयक मनीष जायसवाल लोकसभा संयोजक जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला आईटी सह संयोजक मनीष पाण्डेय सोशल मीडिया सह संयोजक प्रशांत सिंह लोकसभा सह संयोजक दीपांकर मिश्रा सोशल मीडिया जिला लोकसभा विधानसभा मंडल आईटी की जिला मंडल टीम के सदस्य मोर्चो के सोशल मीडिया संयोजक आदि उपस्थित रहे।

चिंतन

# सतत विकास पर ग्रहण लगा रहा क्लाइमेट चेंज

मोरक्को में महाविनाशकारी भूकंप और लीबिया में नरसंहारकारी बाढ़ जलवायु परिवर्तन के बड़े खतरे की ओर संकेत कर रहे हैं। दोनों देशों में भूकंप व बाढ़ के रूप में आई प्राकृतिक विभीषिका के चलत करीब दस हजार से अधिक लोगों की जान चली गई है, लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इससे पहले अमेरिका, जापान, यूरोप के कुछ क्षेत्र, पाकिस्तान, चीन, भारत में समय समय पर प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिली हैं। दुनिया के किसी ना किसी छोर में तूफान, भूकंप, बाढ़, सुनामी, ज्वालामुखी विस्फोट, हिमस्खलन, भूस्खलन आदि प्राकृतिक आपदाएं आती ही रहती हैं। इसके अलावा धरती पर लगातार बढ़ रहे तापमान की वजह से अत्यधिक गर्मी हो रही है, गर्मी का सीजन लंबा खिंच रहा है, ग्लेशियर के पिघलने की घटनाएं हो रही हैं। ये सभी प्राकृतिक आपदाएं जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से ना केवल प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में तेजी आ रही हैं, बल्कि कृषि समेत अन्य आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र सतत विकास एजेंडा 2030 को प्राप्त करने में वैश्विक प्रयासों को बेहद कमजोर कर रहा है। इस रिपोर्ट में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को लेकर जलवायु परिवर्तन और मौसमी प्रभावों की व्यवस्थित रूप से पड़ताल करते हुए कहा गया है कि भूख, गरीबी और खराब स्वास्थ्य से निपटने जैसे सतत विकास लक्ष्यों में से केवल 15 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सही तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। सतत विकास के अन्य लक्ष्यों में स्वच्छ जल और ऊर्जा तक पहुंच में सुधार और टिकाऊ जीवन तथा विकास के अन्य पहलू शामिल हैं। 'यूनाइटेड इन साइंस 2023' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि "2030 एजेंडे को हासिल करने की दिशा में आधा समय बीत जाने के बाद विज्ञान इस बात को लेकर स्पष्ट है कि दुनिया अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने से बहुत दूर है।"संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत कम वैश्विक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यह चिंता की बात है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 2020 में जारी वैश्विक जोखिम रिपोर्ट के अनुसार अगले दशक में शीर्ष 5 जोखिमों में से सभी जलवायु से संबंधित होंगे। इन जोखिमों में मानवजनित पर्यावरणीय आपदाएँ, जलवायु कार्रवाई विफलता, प्राकृतिक आपदाएँ, जैव विविधता हानि और चरम मौसमी घटनाएँ शामिल हैं। पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, इसके बावजूद विश्व के देशों द्वारा उत्सर्जन में कटौती के वादे और पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक कटौती के बीच अंतर को कम करने में बहुत सीमित प्रगति हुई है। जलवायु परिवर्तन के चलते आने वाले वक्त में उपज में कमी, पशुधन पर कुप्रभाव, हीट स्ट्रेस, गर्मी जनित रोगों में वृद्धि, ऊर्जा की कमी, सड़क-रेल-हवाई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर प्रभाव जैसे संकट गहराने वाले हैं। भारत ने पिछले एक दशक में बाढ़ से लगभग तीन अरब डॉलर की आर्थिक क्षति उठाई है जो वैश्विक आर्थिक क्षति का 10 फीसदी है। सतत विकास के लक्ष्य में जलवायु परिवर्तन के अवरोध से वैश्विक स्तर पर निपटना तत्काल आवश्यक है। बिना देर किए तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने और ग्रीन तकनीक व पर्यावरण अनुकूल हरित अर्थव्यवस्था अपनाने की जरूरत है।



बहस

शैलजा सिंह

# स्त्रियों की 'ना' का सम्मान जरूरी

**सवाल यह उठता है कि सहमति या रज़ामंदी क्यों आवश्यक है? इसका जवाब एक सवाल से ही दिया जा सकता है। हमें सहमति की परवाह कब नहीं रहती है? जब हम किसी से ख़ुद को श्रेष्ठ मानते हैं, ताक़तवर मानते हैं, अपने पास अनेक तरह की सत्ता महसूस करते हैं, तब हमें लगता है कि हम जो कर रहे हैं, वह हमारा हक़ है। यही सहमति है। स्त्रियों को खुलकर 'ना' कहना सीखना होगा। पितृसत्तात्मक समाज में बेड़ियों को तोड़ना होगा, यह उनके स्वाभिमान का प्रश्न है। स्वाभिमान की रक्षा के लिए दृढ़ता से 'ना' कहना होगा। ऐसी भी नहीं है कि व्यवहार में सहमति एक बार ही काफ़ी है। स्त्री की तरफ़ से सहमति का हर बार पता चलना ज़रूरी है।**

यौनिकता पर विमर्श आदिकाल से जारी है। स्त्रियों के प्रति पुरुषों के यौन व्यवहार 'प्रश्नवाचक' रहे हैं। पुरुष व स्त्री के रिश्ते और महिलाओं के प्रति बर्ताव में 'सहमति' की बहुत अहमियत होती है, लेकिन स्त्रियों के प्रति यौनिक व्यवहार में 'सहमति' की अक्सर अनदेखी की गई है। हम खुद को कितना भी सभ्य बना लें, कितना भी शिक्षित कर लें, लेकिन स्त्रियों के प्रति अधिकांश पुरुषों का दृष्टिकोण दकियानूसी ही रहता है। सोच काया तक ही सीमित रहती है। हमारा मस्तिष्क स्त्रियों को एक स्वतंत्र व्यक्ति के तौर पर मानने को जैसे तैयार ही ना हो। स्पेन के चुंबन विवाद ने स्त्रियों के प्रति पुरुषों के व्यवहार में एक बार फिर से 'सहमति' के विमर्श को जिंदा कर दिया है। महिलाओं से मिलने का, गले लगाने का, अभिवादन का, उसके प्रति खुशी व्यक्त करने का, प्रेम के इजहार का, उत्साह बढ़ाने का, पीठ थपथपाने का एक सभ्य सलीका है। पश्चिम से लेकर पूर्व तक सभी समाज में किसी ना किसी रूप में मजबूत संस्कृति है, जिसमें महिलाओं के प्रति व्यवहार का तौर-तरीका समाहित है। हम सब जानते भी हैं, पर इसे व्यवहार में कम ही उतारते हैं। स्त्रियां 'मर्दवादी सोच' की शिकार होती रही हैं। समाज की सामंती मानसिकता ने युगों युगों से स्त्रियों का बहुत नुकसान किया है।

सबसे पहले स्पेन की घटना को समझते हैं। विश्व कप महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का ख़िताब पहली बार जीतने वाली स्पेन की टीम की एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, जेनी हर्मोसो। जीत के जश्न के दौरान स्पेन फ़ुटबॉल संघ के तत्कालीन अध्यक्ष लुईस रुबियालेस ने हर्मोसो के होंठों का चुंबन ले लिया। यह तस्वीर और वीडियो वायरल होने लगी। रुबियालेस की आलोचना हुई कि उन्होंने ज़बरदस्ती चुंबन लिया। इसमें हर्मोसो की सहमति नहीं थी। स्पेन में इसे यौनिक व्यवहार कहा गया और इसे गलत करार दिया गया। महिलाओं ने रुबियालेस से माफ़ी मांगने और पद से इस्तीफ़ा देने की मांग की। रुबियालेस और स्पेन के फुटबॉल संघ ने पहले इस आरोप को नकारा, उनका कहना था कि 'यह सब सहमति से हुआ। वे फ़र्ज़ी नारीवादियों के सामने नहीं झुकेंगे।' लेकिन, जब बात सामने आई कि इसमें सहमति नहीं थी, तो स्पेन की जनता सड़कों पर उतर आई। अंतरराष्ट्रीय फ़ुटबॉल महासंघ (फ़ीफ़ा) ने लुईस रुबियालेस को उनके पद से निलंबित कर दिया। स्पेन की सरकार ने लुईस के इस यौन बर्ताव की आलोचना की। हर्मोसो ने ट्विटर (एक्स) पर खुद कहा कि 'उन पर इस बात का काफ़ी दबाव था कि वे कह दें कि यह सब सहमति से हुआ था, पर वे झुकी नहीं।' हर्मोसो ने कहा कि 'लुईस पूरी तरह झूठ बोल रहे हैं, वह घटना मुझे पसंद नहीं आई। मैं उस वक़्त कुछ कर पाने की हालत में नहीं थी। मैं यौनिक व्यवहार का शिकार हुई। मेरी तरफ़ से इस तरह की कोई सहमति नहीं दी गई थी। यह मेरी इच्छा के खिलाफ़ हुआ। यह मेरे सम्मान के ख़िलाफ़ है। यह नाक़ाबिले बर्दाश्त है।'

यहां यह भी गौरतलब है कि अभी कुछ दिनों पहले भारत में भी महिला पहलवान कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ आंदोलनरत थीं। यहां भी मामला सहमति के




खिलाफ अनुचित यौन व्यववहार का ही था। खैर अभी यह मामला अदालत में है, लेकिन सच्चाई है कि कर्मक्षेत्र में महिलाओं को अनुचित यौन व्यवहार का शिकार होना पड़ता है।

मॉडलिंग, बॉलीवुड, हॉलीवुड में कास्टिंग काउच की अनेक घटनाएं विगत में सामने आ चुकी हैं। इंडियन बार एसोसिएशन की एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार 70 फीसदी वर्किंग महिलाएं कार्यस्थल पर हुए अनुचित यौन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट दर्ज ही नहीं कराती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक, हर साल कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की घटनाएं करीब दोगुणी रफ्तार से बढ़ रही हैं। भारत ही नहीं समूचे विश्व में स्त्रियों के प्रति व्यवहार में 'सहमति' के विषय को अहम माना गया है। भारत में ही अनेक कानून हैं, जिसमें असहमति से किया गया अनुचित यौन व्यवहार अपराध है। आजकल मैरिटल रेप के खिलाफ कानून की मांग की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में इस विषय पर सुनवाई हो रही है। बहस का विषय यह है कि मैरिटल रेप को अपराध माना जाए या नहीं? भारत जैसे मिक्स समाज में मैरिटल रेप को अपराध माने जाने के अनेक खतरे हो सकते हैं, लेकिन यहां मैरिटल रेप की चर्चा सहमति के सदर्भ में है। इसका मतलब यह है कि पति-पत्नी के रिश्ते में भी यौन व्यवहार के लिए आपसी सहमति जरूरी है। उनकी सहमति के बिना यौन व्यवहार को सही नहीं ठहराया जा सकता। स्त्रियों पर यौन कर्म जबदस्ती कतई नहीं थोपा जा सकता है। यह उसके आत्मसम्मान के खिलाफ है।

स्पेन की इस घटना ने जिस मुद्दे की तरफ़ हमारा ध्यान खींचा है, वह है स्त्री-पुरुष रिश्ते या लैंगिक संबंधों में सहमति का मुद्दा और पुरुषों का व्यवहार। दो जेंडर के बीच यौनिक रिश्ते में सहमति या रज़ामंदी या कंसेंट अनिवार्य शर्त है। किसी बात से सहमत होना, किसी बात के लिए स्वीकृति या इजाज़त देना, अनुमति देना, जिस बात से प्रसन्नता हो या ख़ुशी से मानी गई हो, किसी बात के लिए तैयार होना, यह सब सहमति या कंसेंट है। अगर किसी सहमति में ख़ुशी नहीं है तो उसे सहमति नहीं कहा जा सकता है।

इसके साथ ही सबसे अहम सवाल यह उठता है कि सहमति या रज़ामंदी क्यों आवश्यक है? इसका जवाब एक सवाल से ही दिया जा सकता है। हमें सहमति की परवाह कब नहीं रहती है? जब हम किसी से ख़ुद को श्रेष्ठ मानते हैं, ताक़तवर मानते हैं, अपने पास अनेक तरह की सत्ता महसूस करते हैं, तब हमें लगता है कि हम जो कर रहे हैं, वह हमारा हक़ है। यही सहमति है। इसके लिए हमें किसी से पूछने की क्या ज़रूरत है? यह सत्ता जेंडर, धर्म, जाति, वर्ग या पैसे की हो सकती है। हम एक ऐसे समाज में रहते हैं, जहां भेदभाव और ग़ैर-बराबरी है, तो वहां हर क्षण सहमति की ज़रूरत है। सहमति का तात्पर्य है कि किसी के वजूद को मानना है। उस इंसान को ख़ुद के बराबर का इंसान मानना है। स्त्रियों के प्रति व्यवहार में मर्दों का लगातार सचेत रहना निहायत ही आवश्यक है। सहमति का मतलब साफ़ सहमति ही होनी चाहिए। किसी भी मामले में जो बात उन्हें पसंद नहीं आती है तो स्त्रियों को खुलकर उस पर 'ना' कहना सीखना होगा। पितृसत्तात्मक समाज में स्थापित बेड़ियों को तोड़ना होगा, क्योकि यह उनके स्वाभिमान का प्रश्न है। स्वाभिमान और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए दृढ़ता से ना कहना होगा। ऐसी भी नहीं है कि यौनिक व्यवहार में सहमति एक बार ही काफ़ी है। स्त्री की तरफ़ से सहमति का हर बार पता चलना ज़रूरी है। यही नहीं, कोई रिश्ता किसी स्त्री से ताउम्र सहमति हासिल कर लेने का सर्टिफ़िकेट भी नहीं है। स्त्रियों की 'ना' का मतलब हमेशा 'ना' ही है और पुरुषों को अपने अहम को साइड में रखकर उनकी 'ना' का सम्मान करना चाहिए।

हालात

आलोक यात्री



# बदहाल स्थिति में महिला कैदी

देश में महिला कैदियों व विचाराधीन बंदियों की स्थिति पुरुष कैदियों व बंदियों की तुलना में अधिक खराब है। देश की अधिकांश जेलों में महिला बंदियों को बुनियादी सुविधाएं भी मयस्सर नहीं हैं। घोर आश्चर्य की बात तो यह है कि इस मसले पर मानव अधिकार जैसे मंचों का दखल भी देखने को नहीं मिलता। अधिकांश जेलों में जहां स्त्री पुरुष बंदियों की संख्या तय सीमा से कई गुना अधिक है, वहीं कई जेलों में महिला बंदियों के लिए आश्रय स्थल भी सीमित हैं। महिला बंदियों की संख्या और जेलों में उनकी स्थिति के अधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन 2014 से 2019 के बीच का एक आंकलन बताता है कि इन पांच वर्षों में देश में महिला कैदियों की संख्या में 11.7 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस तस्वीर का दूसरा रुख यह है कि 18 फीसदी महिला बंदियों को जेल में स्नान से लेकर शयन के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाता है। देश की जेलों में महिला बंदियों की स्थिति जानने के लिए जस्टिस अमिताव रॉय की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट पर गौर करना होगा। 2018 में जस्टिस मदन बी लोकुर और जस्टिस दीपक गुप्ता की सुप्रीम कोर्ट बेंच ने चिंता जताई थी कि देश के कई राज्यों की जेलों में क्षमता से लगभग डेढ़ सौ फीसदी अधिक बंदी हैं। इस स्थिति को मानवाधिकार हनन का गंभीर मामला मानते हुए इस कमेटी का गठन किया गया था। करीब चार साल बाद दिसम्बर 2022 में कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह रिपोर्ट पेश की। इससे पहले 2018 में भी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने भारतीय जेलों में महिलाओं की स्थिति पर एक रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें महिला बंदियों की खराब स्थिति का विस्तृत ब्यौरा था। जस्टिस अमिताव रॉय की रिपोर्ट में वर्णित स्थिति भी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2021 की रिपोर्ट से मेल खाती है। रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए थे कि देश के 21 राज्यों में महिलाओं के लिए अलग से जेल की व्यवस्था नहीं है। देश में करीब 1,300 जेलों में से 15 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 31 महिला जेल हैं। जो कुल जेलों का महज़ 2.4 फीसदी भी नहीं है। महिला जेलों की क्षमता सिर्फ 6767 है, इसके विपरित इन जेलों में लगभग 23 हजार से अधिक महिला कैदियों को रखा जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 2018 की रिपोर्ट सामान्य जेलों के भीतर महिला बंदियों की सुरक्षा के प्रति भी सवाल उठाती है।गौरतलब है कि महिला बंदियों के खिलाफ जेल में यदि कोई अपराध होता भी है तो केवल 11 राज्यों के पास ही ऐसी व्यवस्था है कि बंदियों की शिकायत दर्ज की जा सके। महिला बंदियों के खिलाफ़ जेल में हुए अपराधों का एनसीआरबी के पास भी कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि देश की जेलों में 19,913 महिला कैदियों में से 13,550 विचाराधीन कैदी, 6179 दोषसिद्ध व 99 आजीवन कारावास बंदी हैं। तिहाड़ जेल की वेबसाइट की पड़ताल बताती है कि यहां भी कोई महिला डीआईजी नियुक्त नहीं है। आंकड़ों के अनुसार देश में मात्र 4,390 महिला जेल अधिकारी हैं। जो नाकाफी हैं। कहने को जेल में महिला बंदियों के पास यह अधिकार है कि वह अपने बच्चों से एक अलग परिसर में मिल सकती हैं, लेकिन जस्टिस अमिताव रॉय की रिपोर्ट कहती है कि मात्र तीन राज्यों गोवा, दिल्ली और पुडुचेरी में महिला बंदियों को सलाखों या कांच की दीवार के पीछे से नहीं मिलना पड़ता। राष्ट्रीय जेल मैनुअल के तहत जेल में बंदियों को कई सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान है। मसलन हर बंदी को प्रति दिन 135 लीटर पानी उपलब्ध करवाना आवश्यक है, लेकिन 2018 की रिपोर्ट में पहले ही यह स्पष्ट हो चुका था कि किसी भी जेल में ऐसा संभव नहीं हो रहा है। जस्टिस रॉय की रिपोर्ट में यह भी हवाला था कि महिला बंदियों को सैनिटरी पैड भी उपलब्ध नहीं होते हैं। रानी धवन शंकरदास जेल सुधार मामलों की विशेषज्ञ हैं। महिला बंदियों के जीवन पर उनकी पुस्तक 'ऑफ विमेन इनसाइडः प्रिजन वॉइसेज फ्रॉम इंडिया' में वह लिखतीं हैं कि महिला बंदियों को एक अलग श्रेणी की आवश्यकता है।



## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### हर हिंदुस्तानी को हिंदी पर मान होना चाहिए

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा घोषित किया था। हिंदी का देश में विस्तार करने के लिए तब से हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। हमारे देश के जाने-माने कवि, उपन्यासकार और नाटककार भारतेंदु हरिश्चंद्र ने क्या खूब कहा है कि, 'निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को सूल। अंग्रेजी पढ़ के जदपि जब गुन होत प्रवीन, पै निज भाषा ज्ञान के रहत हीन के हीन।' हिंदी 'कोई' भाषा नहीं, बल्कि हमारे देश की राजभाषा और राष्ट्रीय प्रतीक है। – *मनीष वर्मा, दुर्ग*

### करंट अफेयर

## किम जोंग की यात्रा पर द. कोरिया ने चिंता जताई

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को लड़ाकू विमान बनाने वाले रूस की एक विमान विनिर्माण ईकाई का दौरा करना था और फिर उन्हें देश के पैसिफिक फ्लीट की यात्रा करनी थी लेकिन वह कहां हैं, इस बात की जानकारी नहीं है। वहीं दक्षिण कोरिया ने बृहस्पतिवार को इस बात पर गहरी चिंता और खेद जताया कि किम जोंग की यात्रा में सैन्य सहयोग के विस्तार पर ध्यान दिया गया है। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी चेताया है कि किम जोंग और रूस के राष्ट्रपति की बुधवार को हुई शिखर बैठक के बाद उत्तर कोरिया गोला बारूद की आपूर्ति करने के लिए एक समझौता कर सकता है



### ऑफ बीट

## बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?

आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है



### ट्रेंड

#### जी 20 से मिला उदाहरण



भारत ने गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर किस प्रकार स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना शुरू किया है, इसका एक बड़ा उदाहरण जी-20 समिट के दौरान देखने को मिला है। जिस सनातन संस्कृति ने हजारों वर्षों से भारत को जोड़े रखा है, उसे कुछ लोग मिलकर खंड-खंड करना चाहते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

#### हमारे भीतर है आनंद



प्रतिकूल परिस्थितियां और अनेक प्रकार की कठिनाइयां मन की व्याकुलता का कारण बन सकती हैं, लेकिन सत्य, आनंद और दिव्य सामर्थ्य का स्रोत हमारे अंतस में विद्यमान है ऐसा अनुभव करते ही दुःख और भय का निवारण होने लगता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

#### शहीदों का ऋणी रहेगा देश



जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से लोहा लेते हुए सेना के दो अधिकारियों समेत पांच वीर जवानों की शहादत का समाचार बेहद दुखद है। पूरा देश आतंकी मंसूबों की निंदा करता है। वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश सदैव उनका व परिवार का ऋणी रहेगा।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष

#### बहिष्कार स्वागत योग्य



ऐसे न्यूज एंकर जो समाज में नफ़रत और हिंसा का ज़हर घोल रहे है वो हमारे राष्ट्र के साथ घोर पाप कर रहे है। 'इंडिया' गठबंधन द्वारा मोदी के इशारों पर नाचने वाले एंकर का बहिष्कार स्वागत योग्य कदम है।

-संजय सिंह, आप सांसद

## संक्षेप

### बीस सितम्बर को आयोजित होगा किसान दिवस

बहराइच । शासन के निदेर्शानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 20 सितम्बर 2023 को मध्यान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की भी समीक्षा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारियों से अपेक्षा की है कि विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं के साथ निर्धारित तिथि, समय व स्थान उपस्थित होकर किसान दिवस में प्रतिभाग करें।

### सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलटा ट्रक

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक पलट गया। दुर्घटना में चालक और खलासी को चोटे आई हैं। बताया जा रहा है कि चालक को नींद आने के कारण हादसा हुआ है। यूपीडा कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य किया है। घटना हलियापुर थाना क्षेत्र की है। मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना अंतर्गत लाहरपुर निवासी चालक नसीम ट्रक लेकर मुरादाबाद से बक्सर जा रहा था। वो काफी स्पीड में था। अभी वो ट्रक लेकर हलियापुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी 86.300 पर पहुंचा था कि एकाएक ट्रक डिवाइड से टकराकर पलट गया। चालक नसीम और खलासी नूरैन पुत्र महफूज को काफी चोटें आई हैं। उधर से गुजर रहे लोगों ने यूपीडा को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची यूपीडा के एएसओ रामचंद्र वर्मा अपनी गश्ती टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस से चालक और खलासी को अस्पताल भिजवाया। एक्सप्रेस-वे को कुछ समय के लिए वन-वे किया। बताया जा रहा है कि ट्रक डिवाइडर के बीच में है इसलिए ट्रैफिक सामान्य रूप से चालू कर दिया गया है।

### राममंदिर के उद्घाटन से पहले बीएसएनएल की 4जी नेटवर्क सेवाएं

अयोध्या, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अयोध्या में 4जी नेटवर्क सेवाएं शुरू करने जा रहा है। यह सेवा राम मंदिर के उद्घाटन से पहले राम नगरी में शुरू की जाएगी। इससे पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में बीएसएनएल की 3जी सेवा ही है। पर्यटकों को बेहतर नेटवर्क देने के लिए अयोध्या जनपद में 45 बीटीएस टावर लगाए जा रहे है। बीएसएनएल की उपभोक्ता दिन प्रतिदिन खराब नेटवर्क के कारण दूसरी कंपनियों में सिम को पोर्ट करा रहे है। इसका एक कारण 4जी इंटरनेट सेवा न होना भी है। बीएसएनएल उपभोक्ताओं की इन समस्याओं से दूर करने जा रहा है।

# एसपीवीपी इंटर कालेज के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह का हुआ आयोजन

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच । मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सेमरहना में स्थित एसपीवीपी इंटर कॉलेज में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बहराइच डॉ प्रशांत वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि अपर सचिव मा0 शिक्षा परिषद मनोज पांडेय एवं उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार रहे ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बैच लगाकर माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। विद्यालय में अध्यनरत एनसीसी के कैडेटस द्वारा बेहतरीन तरीके से परेड कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए । अशिक्षा, देश प्रेम, सोशल मीडिया पर आधारित नृत्य एवं कलाओं ने कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को विद्यालय के छात्रों द्वारा अतिथियों की ही बेहतरीन एवं सुंदर तरीके से पेंसिल द्वारा बनाई गई स्मृति चिन्ह भेंट की गई । इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, दीन बंधु शुक्ला, प्राचार्य दुर्गेश कुमार, सुभाष चन्द्र वर्मा, मनोज यादव, छात्र, नाथूराम सोनी, रमेश चंद्र शुक्ला, राम प्रवेश मदेशिया, विजय कुमार सिंह, विजय मौर्य, बबलू सिंह, क्षेत्रीय पत्रकार योगेन्द्र मौर्या, हरगोविंद पांडेय, रईस खान, शरद वर्मा, अनिल मौर्य, अजीत मौर्य, दुर्गेश वर्मा नागेश पटवा समेत काफी संख्या में छात्र छात्राओं सहित अभिभावक मौजूद रहे।

# भाजपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे का भव्य तरीके से हुआ स्वागत



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। बहराइच जिले के नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डे का प्रथम आगमन पर घाघरा घाट से स्वागत का क्रम जारी हुआ। कैसरगंज क्षेत्र में दर्जनों स्थान पर भाजपा कार्यकताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया। इसी क्रम में कुंडासर रुकनापुर में पयागपुर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी व कटका मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। गजाधरपुर ,फखरपुर ,मरौचा में भी स्वागत हुआ इस मौके पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह 'सीपी' अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री डॉ खतीब हुसैन व जिला मीडिया प्रभारी फैजान, प्रधान रियाज अहमद,एंव मंडल कार्यकर्ता समस्त बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

कैसरगंज में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप सिंह अरुण के नेतृत्व मे युवाओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय का भव्य व जोरदार स्वागत हुआ। बहराइच के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय का जनपद बहराइच के प्रथम आगमन पर जगह जगह स्वागत किया वहीं कैसरगंज के मण्डल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा अनिरुद्ध प्रताप सिंह अरुण के नेतृत्व में उनके युवा टीम और भाजपा कार्यकताओं ने कैसरगंज परहमहंस डिग्री कालेज के पास किया भव्य स्वागत किया।

# दो महिलाओ का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव, एक ने लिखा खुद जिम्मेदार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के बाबूखेड़ा गांव की रहने वाली विवाहिता का सोमवार को संदिग्ध हालत में छत के कुंडे से शव लटका मिला। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के बाबूखेड़ा के रहने वाले विनय की कुमार्पुर गांव निवासी सुनीता से 2010 में शादी हुई थी। उसके चार बच्चे भी हैं। सुबह नींद से जागने के बाद परिजनों को सुनीता दिखाई नहीं दी तो पति विनय कमरे में पहुंचा। जहां छत के कुंड़े पर दुपट्टे के सहारे पत्नी सुनीता का शव फंदे से लटका देखा तो पैरो तले जमीन खिसक गई। जानकारी पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर मायके वाले भी घर पहुंच गए हैं। पारिवारिक कलह से फांसी लगाने की बात सामने आ रही हैं। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही हैं। बताया जा रहा है कि मृतका सुनीता के पति विनय को उसके चाचा ने गोद लिया है। उन्ही के साथ परिवार रह रहा है। थानाध्यक्ष अचलगंज ने मौके पर जांच पडताल की तो मृतका के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। जिसमें खुद को मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस फिर भी कई पहलुओं को पर जांच पड़ताल कर रही है।

### दूसरी घटना

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रजवा खेड़ा गांव निवासी आरती 27 वर्ष पत्नी धर्मेन्द्र का घर में फांसी के फंदे से शव लटकता मिला। मौत की जानकारी आरती के मायके वालों को हुई तो वह बेटी की ससुराल पहुंचे जहां हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पंहुची पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है।

# ईवीएम एफएलसी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद में 25 अगस्त 2023 से प्रारम्भ हुए ई.वी.एम. के एफ.एल.सी. कार्य का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव तथा एफ.एल.सी. कार्य के लिए आए अभियन्ताओं से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुसार एफ.एल.सी. कार्य को सम्पन्न कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि एफ.एल.सी. कार्य के दौरान कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ प्रवेश नहीं करेगा।

# पण्डालों में विराजे विघ्नहर्ता भगवान गणेश, भक्तों ने की सुख समृद्धि की कामना

**श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव में 25 सितम्बर को होगा विशाल भंडारा**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विघ्नहर्ता भगवान गणेश पूजा महोत्सव के अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्थानों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित हो गयी है। गणेश पूजा महोत्सव को हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाने के लिए गणेश पूजा समितियों ने अपनी तैयारियां की है ।बारिश के मद्देनजर पंडालो को वाटरप्रूफ बनाया गया है एवं भक्तों के दर्शन के लिए सुलभ सुविधा की गई है ।इसी क्रम में शहर के गायत्रीनगर काजीकटरा में मक्केश्वर महादेव मन्दिर के पूजा स्थल पर श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है ।श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव के अध्यक्ष संदीप कुमार सोनी ने बताया कि मुम्बई से भगवान गणेश जी की प्रतिमा को लाया गया है ।सोमवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा की स्थापना की गयी है ।विधिविधान द्वारा पुरोहितों के द्वारा पूजन अर्चन किया जा रहा है ।उन्होंने बताया प्रतिदिन सुबह एवं सांय ढोल,नगाड़ो एवं शंखध्वनि में भगवान गणेश की आरती उतारी जा रही है ।आगे बताया कि आगामी 25 सितम्बर को विशाल भंडारा,26 सितम्बर को महाआरती एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा ।तथा 28 सितम्बर गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन विशाल पालकी शोभायात्रा के साथ झिंगहाघाट में किया जाएगा ।उन्होंने शहर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में भगवान गणेश के दरबार मे पहुंचने का निवेदन किया ।महोत्सव को सम्पन्न कराने में महामंत्री आशीष कुमार साहू,रवि प्रकाश गुप्ता,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, सोशल मीडिया प्रभारी अमरीष साहू ,राहुल साहू, रोहन साहू गणेश भक्त लगे हुए है।

# अंबेडकरनगर में धान के खेत में मिला युवक का शव

- मौत के कारणों की जांच कर रही पुलिस, परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अंबेडकरनगर में हंसवर थाना इलाके के जल्लापुर साबुकपुर प्राइमरी स्कूल के पास शनिवार की सुबह सड़क किनारे धान के खेत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना के अनुसार, हंसवर थाना इलाके के जल्लापुर साबुकपुर गांव के बाहर स्थित प्राइमरी स्कूल के पास धान के खेत में ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान किया तो युवक की पहचान 48 वर्षीय रमाशंकर पुत्र पलटन निवासी जल्लापुर साबुकपुर के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी हंसवर रितेश पांडेय ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

# अयोध्या में मजदूरों का धरना प्रदर्शन

## असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर 13 सूत्रीय ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




अयोध्या, प्रदेशव्यापी मांग पखवाड़ा के तहत असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर मजदूरों ने तहसील सदर स्थित तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश खेत मजदूर संगठन ने अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता और शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। धरने को सम्बोधित करते हुए शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्हें न तो काम मिल पा रहा है और न ही सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी ही प्राप्त हो रही है। मनरेगा को सरकार पूरी तरह समाप्त करने पर आमादा है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए गठित सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का कार्यकाल तीन वर्ष निर्धारित है, किंतु सरकार की उदासीनता के चलते पांच वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद बोर्ड का पुनर्गठन नहीं हो सका है। खेत मजदूर संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि ए-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी मजदूरों को लाभार्थी की श्रेणी में शामिल कर सभी योजनाओं का लाभ दिया जाए, सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का पुनर्गठन किया जाए न्यूनतम मजदूरी के लिए वेज बोर्ड का गठन किया जाए। निर्माण मजदूर के पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया सरल कर योजनाओं को पूरी क्षमता से चलाने एवं पेंशन की व्यवस्था करने स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम वेतन दिए जाने व 60 वर्ष की आयु पर पेंशन दिए जाने की व्यवस्था करने प्रदेश में बाढ़ आई महंगाई और बेरोजगारी के हाल के लिए रोजगार गारंटी योजना लागू करने और रोजगार न मिलने पर बेकारी भत्ता देने आदि जैसी मांगे शामिल है।

**गर्मी** — घरवाले बोले- टोल पर 3 घंटे तक खड़ी रहीं बसें, गर्मी-उमस से गई जान

# आरटीओ की चेकिंग...2 यात्रियों की मौत

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या में आरटीओ चेकिंग के लिए रुकी बसों में सवार 2 यात्रियों की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि चेकिंग के चलते बसें 3 घंटे तक खड़ी रहीं। उन्होंने ड्राइवर-कंडक्टर और आरटीओ अफसरों को बताया कि उनके घर के सदस्य की तबीयत बिगड़ गई है। मगर, किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। इसकी वजह से मौत हो गई। प्राइवेट बसें दिल्ली से बिहार जा रही थीं। घटना रुदौली थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास की है। बस में सवार नीतीश कुमार ने बताया, "मेरे पिता की तबीयत खराब थी। मैं पिता को इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले गया था। शुक्रवार को उन्हें वापस घर ले जा रहा था, तभी रुदौली के टोल प्लाजा के पास आरटीओ की चेकिंग लगी थी। उन्होंने बस को रोक लिया।" शुक्रवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे से हाईवे पर तहसीनपुर स्थित टोल प्लाजा के पूर्व डग्गामार बसों की जाँच शुरू हुई। कुछ ही देर में लंबी दूरी की लगभग 12 निजी बसों को रोक लिया गया। एआरटीओ ने इनमें से छह बसों को सीज कर रौनाही थाने के बाहर खड़ा करवा दिया। उमस और गर्मी के चलते यात्री परेशान हो गए। नीतीश ने बताया, "लगातार 3 घंटे बस रुकी थी। तेज धूप थी। बस में गर्मी और उमस हो रही थी। इसी वजह से मेरे पिता की तबीयत बिगड़ गई। मैंने इस बारे में बस ड्राइवर को बताया। लेकिन उसने मेरी बात को अनसुना कर दिया। फिर आरटीओ के अफसरों को भी सूचना दी। मगर, उन्होंने भी नहीं सुना। इलाज न मिलने की वजह से पिता की मौत हो गई।" दिल्ली से बिहार जा रही डबल डेकर शिव शक्ति ट्रेवल्स की बस यूपी 51 एटी 8109 से अपने घर बिहार के सुपौल जिला के मरौना थाना क्षेत्र स्थित गांव खुशयाली निवासी बुजुर्ग रामचंद्र साह पुत्र दिल्लर और 4 जी चंपारण ट्रेवेल्स की बस यूपी 22 एटी 3987 पर सवार एक अधेड़ यात्री की मौत हो गई। इससे परिजन और बसों के यात्री आक्रोशित हो गए तथा मौके पर हंगामा शुरू हो गया। स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। नीतीश ने बताया, "पिता की मौत के बाद बस में बैठे यात्रियों ने भी हंगामा शुरू कर दिया, तभी पता चला कि एक अन्य बस में भी एक युवक की मौत हो गई है।" इधर, हंगामे की सूचना पर रौनाही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस-आरटीओ अफसरों के बीच नोकझोंक भी हुई। इसके बाद पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर किसी तरह से शांत कराया। आरटीओ प्रवर्तन प्रवीण सिंह ने बताया, "रूटीन चेकिंग के दौरान बसों की परमिट और अन्य कागजात की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक मरीज के मौत की सूचना मिली, जो पहले से बीमार था। बस ड्राइवर से जब यह पूछा गया कि मरीज को बस में क्यों बैठाया? इस पर उसने बताया कि मरीज के परिजनों ने लिखित दिया था कि यदि कोई घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी हमारी होगी। इस घटना में शिव शक्ति ट्रेवेल्स के स्टाफ की ओर से एक कागज जारी किया गया है। जिसमें मृतक रामचंद्र की ओर से बुखार पीड़ित होने तथा यात्रा के दौरान कुछ होने पर खुद जिम्मेदार होने की बात लिखी गई है।

# आंवला में सांसद के कार्यक्रम में ग्रामीणों का हंगामा

- जमकर हुई नारेबाजी, सांसद के सामने गांव में गंदगी का मुद्दा उठा रहे थे लोग

अमन लेखनी समाचार



आंवला, बरेली के आंवला तहसील क्षेत्र के गांव अंतपुर पहुंचे भाजपा सांसद धर्मेंद्र कश्यप के कार्यक्रम में हंगामा हो गया। पूर्व प्रधान के पुत्र व साथियों का आरोप था कि सफाई नहीं होने की शिकायत करने की बात पर सांसद नाराज हो गए। भीड़ के बीच कुछ लोगों ने शोर कर दिया कि शिकायतकर्ता को थप्पड़ मारा गया है। इससे गुस्साए दर्जनों ग्रामीणों ने नारेबाजी कर दी। उसी समय सांसद वहां से चले गए। मगर शाम को गांव लौटे सांसद का कहना था कि दो पक्षों की गुटबंदी में घटनाक्रम हुआ। हंगामा करने वाले युवकों ने माफी मांग ली। कुछ लोगों के भड़काने पर ऐसा किया। दोनों पक्ष हमारी पार्टी के कार्यकर्ता हैं इसलिए सुलह करा दी गई है। सांसद धर्मेंद्र कश्यप मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अंतपुर गांव के पंचायत भवन में संबोधित कर रहे थे। विकास कार्य गिना रहे थे। उसी समय पूर्व प्रधान के बेटे और गांव के ही अन्य लोगों ने उन्हें टोक दिया। कहा कि सफाई नहीं हो रही है। इस पर सांसद ने कहा कि ग्राम प्रधान को बुलाकर कहते हैं कि इस समस्या का समाधान कराएं। गांव के युवा टोली बनाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करें, मैं भी उसमें शामिल रहूंगा। गलियों को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस बातचीत के दौरान हंगामा होने लगा। आरोप लगाया कि नोकझोंक होता देख सांसद के सुरक्षाकर्मियों ने राहुल व अन्य को जबरन बाहर कर दिया। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों का आरोप था कि सांसद ने थप्पड़ मारा। इसलिए माहौल बिगड़ गया। इतना सुनते ही दर्जनों अन्य युवक भी आ गए। नारेबाजी होने लगी। शोर शराबा के बीच सांसद यह कह कर चले गए कि दूसरे कार्यक्रमों में शामिल होना है।

# संक्षेप

## मेरठ में कागजी बाजार की 12 दुकानें सील

### व्यापारियों ने किया हंगामा, अधिकारियों से हुई नोकझोंक, मेयर के निर्देश पर खोली गई सील

मेरठ, मेरठ में देहली गेट थाना क्षेत्र स्थित कागजी बाजार स्थित मुकंदी गली में नगर निगम टीम द्वारा दुकानें सील करने पर व्यापारियों ने हंगामा कर दिया और धरने पर बैठ गए। व्यापारियों का आरोप था कि नगर निगम की टीम नियम के विरुद्ध चलकर सीलिंग की कार्यवाही कर रही है। टीम ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोलने का भी ऐलान किया है। लेकिन मामले की जानकारी मेयर को मिलने के बाद सील को खुलवा दिया गया और व्यापारियों ने धरना समाप्त कर दिया। कागजी बाजार में हरिश्चंद्र कंसल मार्केट में मौजूद 10-12 दुकानों पर नगर निगम की टीम ने भारी संख्या में पहुंचकर सील लगा दी। टीम राजेश सिंह टैक्स अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची थी। टीम में नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भारी संख्या में मौजूद थे। इस दौरान कागजी बाजार सराफा व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने नगर निगम की टीम का विरोध कर दिया। इस दौरान मौके पर पूर्व पार्षद व मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनन्द अग्रवाल भी पहुंच गए। उन्होंने अधिकारियों से दुकानें सील करने का कारण पूछा तभी विजय आनंद की नगर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों से कहासुनी हो गई। इस दौरान विजय आनंद ने बताया कि नगर विकास अधिनियम की धारा 509, 510, 511 और 512 के अंतर्गत किसी भी अचल संपत्ति को सील करने का अधिकार नहीं हैं।

## मेरठ में कांग्रेस कार्यकताओं ने शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

### कहा- देश के बच्चे-बच्चे को तीनों जवानों की शहादत पर गर्व, देश उनका ऋणी

मेरठ, मेरठ में जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता ने जम्मू कश्मीर में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही दो मिनट का मौन रखा। शहीद सैनिकों की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले शहीद सैनिकों को कांग्रेस बार-बार नमन करती है और उनकी शहादत को सलाम करती है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की रक्षा करने वाले सैनिक बहादुरी के साथ लड़े हैं। कांग्रेस पार्टी ही नहीं देश का बच्चा-बच्चा उनकी शहादत पर गर्व कर रहा है। इस दौरान हरिकिशन अम्बेडकर, धूम सिंह गुजर, रंजन शर्मा, राकेश मिश्रा, हरिकिशन प्रजापति, योगी जाटव, अनिल शर्मा, मॉनिंदर सूद, यासर सैफी, माया प्रकाश शर्मा, शमशाद महिग्रान पार्षद, देशपाल गुर्जर, लियाकत अली, वसीम अंसारी, प्रवीण कुमार, सचिन शर्मा, केडी शर्मा, मणि शंकर शर्मा, आदिल इलाई, डॉ वसीम, रीना शर्मा, गुलबर, यामीन, टीकम सिंह, वहह्बुदीन, राजेंद्र हुन, दिलशाद, गुलफाम, राजा भाई, खालिद, डॉ प्रभात गौतम, दुष्यंत सागर, आसिफ अंसारी, शरीक कुरैशी, चौधरी महरुदीन व हाजी इसरत आदि रहे।

# दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी ने की बैठक

## अद्भुत कार्यक्रमों की रणनीति के तहत बनाई जाएगी रूपरेखा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के अमौली ब्लाक मुख्यालय कस्बे अंतर्गत लगभग 18 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार नवरात्र महापर्व में निरंतर प्रतिवर्ष ज्ञान गंगा की सरिता प्रवाहित हो रही है इसी कार्यक्रम को लेकर मां दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को रूपरेखा बैठक संपन्न की मां दुर्गा पूजा कमेटी के बैनर तले उपस्थित समिति के लगभग डेढ़ दर्जन सदस्यों ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए अपने-अपने विचार रखें कमेटी के संरक्षक अवधेश तिवारी अध्यक्ष रवि ओमर समेत सभी सदस्यों ने संपूर्ण नौ दिवसो में होने वाले कार्यक्रमों समेत अन्य सभी कार्यों पर चर्चा की मां दुर्गा पूजा कमेटी के महामंत्री शिक्षक उमेश त्रिवेदी समेत सभी सदस्यों ने विगत वर्ष के आय व्यय के बारे में चर्चा की वहीं आगामी नवरात्र पर्व की संरचना को मजबूत ढांचे में तैयार कर मां अष्टभुजी की जयकारे के साथ प्रथम बैठक का समापन किया इस मौके पर मां दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रवि ओमर उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ओमर उपाध्यक्ष अखिलेश ओमर महामंत्री उमेश कुमार त्रिवेदी संरक्षक मंडल अवधेश तिवारी बृजेंद्र तिवारी बी डी सिंह सतीश वर्मा राजाराम वरिष्ठ पदाधिकारी रजत प्रताप सिंह आर्य कुमार पांडे कुलदीप तिवारी समेत लगभग डेढ़ दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे




# कौड़ीराम के डॉ.अमिताभ नई दिल्ली में हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। देश की राजधानी नई दिल्ली के एनसीआर क्षेत्र में स्थित होटल में आयोजित छठे शाइनिंग इंडिया स्टार कार्यक्रम 2023 में कौड़ीराम, गोरखपुर के डॉ अमिताभ पाण्डेय, कवि साहित्यकार एवं पत्रकार व गोरखपुर निवासी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम समिति के सदस्य डॉ एहसान अहमद को गेस्ट आफ आनर सम्मान से सम्मानित किया गया। शाइनिंग स्टार इंडिया अवार्ड संस्था संस्थापक डा विजय विराज व मशहूर माडल लविराज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारी विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सौहार्द शिरोमणि डॉ सौरभ पाण्डेय, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त टैरोकार्ड रीडर आरिया राय, यूट्यूबर व टीवी कलाकार सुनील कुमार ने राष्ट्रीय कवयित्री शिखा दीप्ति, ख्यातिलब्ध कवि अनुभव, बिहार की नन्ही गुरु, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सूरज रोहिल्ला, अनमोल, दिव्यांगो के लिए कार्य कर रहे आमिर सिद्धकी, गोविन्दा को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।डॉ अमिताभ पाण्डेय की इस उपलब्धि पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय राय, डीसीएफ के पूर्व सभापति गुलाब रध्वज उर्फ महंथ सिंह, प्राचार्य डॉ आर के राय, अखिलेश रध्वज सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद पाण्डेय, संगम संस्था की महासचिव डॉ अनिता पाल सिंह, प्रतिभा गुप्ता, प्रेसक्लब कौड़ीराम के अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, हृदय नारायण, एम पी सिंह, अभिमन्यु राय, संतोष गुप्ता, छठेन्द्र त्रिपाठी, संरक्षक विश्वनाथ सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# आईजीएल के बिजनेस हेड दो अक्टूबर को चार सौ से अधिक सफाईकर्मियों को सम्मानित करेगे

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर नगर निगम गोरखपुर के चार सौ से अधिक सफाईकर्मियों को सम्मानित करेगे। एस के शुक्ल का मानना है की सफाईकर्मी समाज के योद्धा है और इनके तपोबल से हम सब सुरक्षित और स्वस्थ्य है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय सांसद श्री रवि किशन शुक्ल गोरखपुर होगे और विशिष्ट अतिथि महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव होगे। सभी महिला एवं पुरुष सफाईकर्मियों को वस्त्र, मिष्ठान, टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया जाएगा। सुबह सात बजे से प्रभात फेरी निकाली जाएगी और सफाई के बारे में सभी को जागरूक किया जाएगा तथा आह्वान किया जाएगा किया जाएगा की गोरखपुर शहर को नगर निगम कमिश्नर के नेतृत्व में स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए तथा अपने शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने में योगदान करे। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की पिछले वर्ष भी हम लोगो ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगो को जागरूक किया था और इस वर्ष भी करेगे। उपरोक्त जानकारियां डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने दिया है।कार्यक्रम निगम गोरखपुर ऑडोटोरियम में दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# नकली नोट बनाने के मामले में फरार चल रहा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में नकली नोट बनाने व कारोबार करने वालों से संबन्धित वांछित अभियुक्त को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त सूचना के आधार पर गगहा थाना क्षेत्र में नकली नोट बनाने व चलाने में शामिल लोगों को कुछ दिन पहले गगहा पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। उस मामले में अभियुक्तों को धारा 489ए,489 बी,489 सी,489 डी व 34 भा दं संहिता के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन नकली नोट बनाने के कारोबार में शामिल विक्रम जायसवाल पुत्र नुपेंद्र जायसवाल निवासी गडही थाना गगहा का वांछित अभियुक्त था जो फरार चल रहा था। बीते रविवार को मुखवीर की सूचना पर चौकी इंचार्ज असवनपार अनित राय, कां. संतोष राम व गोविन्द गुप्ता ने रकहट चौराहे पर स्थित बीयर शाप की दुकान के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जुट मिल श्रमिक धरने पर कार्य से रहे विरत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा स्थित दी महावीर जुट मिल गहासाड के श्रमिक अपनी मांगों को लेकर एक सप्ताह तक धरने पर बैठे हुए है। और उनकी मांग है कि फैक्ट्री प्रबंध तंत्र द्वारा जो वेतन कटौती की गयी है। उसे वापस लिया जाय। धरने का नेतृत्व कर रहे श्रमिक नेता शिवदास यादव ने कहा कि शांतिपूर्ण धरना एक सप्ताह के लिए चलेगा। और इस बीच प्रबंध तंत्र द्वारा समझौता नही किया गया। तो आंदोलन और तेज किया जायेगा। श्रमिको के वेतन में जो कटौती की गयी है। उसे प्रबंध तंत्र द्वारा वापस लेना पड़ेगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष राम आसरे यादव, प्रमोद यादव, वीरू सिंह, सहित सैकड़ों श्रमिक छोटेलाल, सहित सैकड़ों श्रमिक मौजूद थे।


# दोबारा जिलाध्यक्ष बनने पर धर्मेंद्र सिंह पालीवाल ने दी बधाई

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। यूधिष्ठिर सिंह के दोबारा भाजपा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी द्वारा पूरे प्रदेश के कई जिलों में नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई है। जिसमें से कुछ पुराने जिलाध्यक्षों को दोबारा मौका दिया गया है। गोरखपुर के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह के दोबारा जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री व चौरीचौरा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पालीवाल ने उनसे मुलाकात कर दुसरे कार्यकाल के लिए बधाई दिया। उन्होंने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा है कि कार्यकताओं से आपसी सामंजस्य व बेहतरीन तालमेल बनाकर रखना ही वर्तमान जिला अध्यक्ष की पहचान है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह पालीवाल ने बधाई देते हुए कहा कि श्री सिंह जमीन से जुड़े ईमानदार व कर्मठी नेता हैं। जिलाध्यक्ष कार्यकताओं के बीच रहते हैं एवं संगठन द्वारा दिया दिए गए दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करते हैं। उनकी लोकप्रियता के कारण ही उन्हें दोबारा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। बधाई देने वालों में ओमप्रकाश धर द्विवेदी, विनोद शर्मा, योगेंद्र जायसवाल, सतीराम निषाद, रमेश सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य, विजय मल गिरी, सर्वेश सिंह, रोशन मिश्रा आदि भाजपा नेता रहे।

# प्रेमी जोड़े को पकड़ कर परिजनों ने किया पुलिस के हवाले



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। रामगढ़ ताल थाना क्षेत्र की रहने वाली रागिनी (26) प्रेमी राजेश (55 )निवासी हाथरस को पीपीगंज रेलवे स्टेशन से परिजनों के द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। परिजनों ने बताया राजेश अपने आप को सरकारी कर्मचारी बता कर मेरी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसकी शिकायत थाना रामगढ़ ताल में की गई है। युवती के भाई ने बताया हमको अपना बेटा बना कर एक लाख की ठगी की है। युवती ने बताया हम अपने पति के साथ ही रहेंगे। पीपीगंज पुलिस ने प्रेमी जोड़े को रामगढ़ ताल पुलिस को सौंप दिया।

# त्यौहारो के मद्दे नजर पुलिस और आरएफ ने किया फ्लैग मार्च



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां आगामी आने वाले त्याहारों के मद्दे नजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सोमवार हरपुर बुदहट थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्र व आर एफ कमांडेंट रवि प्रताप व सहजनवा एसओ इत्यानन्द पांडेय ने फ्लैग मार्च किया। और लोगो से अपील किया कि आगामी दिनों में गणेश पूजा, और रवी उलौवल का त्यौहार आने वाला है। सभी धर्म जाति के लोग त्यौहार को आपसी भाईचारा के साथ मिल कर मनाये। अराजकता फैलाने वाले लोगो पर प्रशासन की नजर रहेगी। और उन लोगो पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई सत्यदेव, जितेंद निर्मल, एस आई कादिर, एसआई चंदन, एसआई राहुल मिश्र सहित अनेक पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# बलरामपुर में डीएम ने की परियोजनाओं की समीक्षा

- जिले में 597 करोड़ की लागत की 85 परियोजनाएं हैं निमार्णाधीन


अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, बलरामपुर में डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से ज्यादा कुल 597 करोड़ की 85 परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम ने जिले में चल रहे कुल 597 करोड़ रुपए की 85 निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाती है, लेकिन देखा जा रहा है कि गुणवत्ता की जांच कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उच्च स्तर के शिक्षा संस्थानों से नहीं कर जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की आईआईटी जैसी संस्थाओं से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यदाई संस्थाओं द्वारा उपभोग प्रमाण पत्र निर्धारित प्रोफार्मा पर समय से शासन में भेजे जाएं, जिससे कि दूसरी या तीसरी किश्त समय से मिल सके। डीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने विभाग के निर्माण कार्यों की निगरानी एवं गुणवत्ता आदि का निरीक्षण करते रहें।

# अवैध गांजे के साथ अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बकेवर, फतेहपुर। बकेवर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक शातिर अपराधी को एक किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निदेर्शानुसार जनपद फतेहपुर में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत मुसाफा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह अपने हमराह सिपाही अखंड प्रताप सिंह व रावत सिंह के साथ देवमई मेला परिसर में चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान खास मुखबिर ने सूचना दी कि दुगार्पुर मोड़ से 100 कदम दूर टिकरा की तरफ एक थैला लिए संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है। सूचना के आधार पर दुगार्पुर में दबिस देकर पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम अंकित गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता निवासी बकेवर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर बताया। गिरफ्तार अभियुक्त अंकित के पास से एक सफेद थैले की तलाशी के दौरान एक किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना किया। थानाध्यक्ष बकेवर राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अंकित पर कानपुर की कोतवाली घाटमपुर व जनपद के बकेवर सहित अलग-अलग थानों में विभिन्न धाराओं के तहत 10 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है।

# ऐतिहासिक दंगल में पहलवानों ने आजमाएं दांव

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर गांव में हरितालिका महोत्सव के अवसर पर ऐतिहासिक दंगल संपन्न हुआ दंगल में पहुंचे केंद्रीय मंत्री राकेश सचान एवं जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल के साथ पूर्व विधायक जगदीश नारायण शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया दंगल प्रतियोगिता में आधा सैकड़ा से अधिक पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाएं जिसमें जावेद गनी जम्मू की कुश्ती भूकंप सिंह राजस्थान श्री राम पहलवान फतेहपुर की कुश्ती जल्लाद सिंह राजस्थान से संपन्न हुई जिसमें जावेद गनी तथा श्रीराम पहलवान ने बाजी मारी वहीं आशीष पहलवान भिंड मध्य प्रदेश की कुश्ती जावेद सहारनपुर मौसम अली की कुश्ती कल्लू संडीला के साथ हुई दर्जनों अद्भुत कुश्तियां के साथ अंतिम कुश्ती हनुमानगढ़ी अयोध्या के पहलवान बाबा भगवानदास तथा बनारस के पहलवान रितेश के बीच हुई जिसमें अयोध्या के पहलवान बाबा भगवान दास को विजय हासिल हुई बजरंग दल कमेटी द्वारा चांदपुर केसरी को 101000 रुपए तथा चांदी का गदा देकर प्रस्तुत किया गया इस मौके पर नजदीकी जनपद कानपुर के घाटमपुर ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह देवकांत उमराव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल यादव क्षेत्राधिकारी जाफरगंज परशुराम त्रिपाठी डॉ वीके साहू सुरेंद्र वर्मा पवन पांडे अमित पांडे आर्य कुमार पांडे समेत भारी संख्या में दर्शन गण मौजूद रहे

खास समाचार

# मुस्लिम युवती को लेकर हिंदू युवक हुआ रफूचक्कर

हीला हवाली के साथ प्रशासन को पांचवें दिन याद आया मामला

फतेहपुर , जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की मुस्लिम युवती को गांव का ही रजत पुत्र उमाशंकर उर्फ हीरा पाण्डेय बहला फुसलाकर विगत 13 सितंबर को भगा ले गया युवक के झांसे में आई युवती अपने घर से एक जोड़ी सोने के टॉप्स एक जोड़ी सोने की झुमकी तथा चांदी की एक जोड़ी पायल लेकर युवक के साथ फरार हुई जिसकी सूचना पीड़ित पिता ने नजदीकी थाना बकेवर में देते हुए न्याय की गुहार लगाई इस मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना अध्यक्ष बकेवर राजेंद्र त्रिपाठी ने 5 दिन बाद तहरीर स्वीकृत कर मुकदमा दर्ज किया विश्वत सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित मुस्लिम युवती का पिता एक मजदूर किस्म का गरीब व्यक्ति है जिसके साथ ऐसा जघन्य अपराध होने के बाद भी न्याय मिलने में हीला हवाली की जा रही थी सौभाग्य है कि प्रशासन ने भले ही देर में पन्ने खोले हो परंतु कल धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच प्रक्रिया प्रारंभ की जहां अभी तक दोनों युवक तथा युवती पुलिस के हाथों से दूर हैं

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत निकाली गई अमृत कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा, झाँसी। मेरी माटी मेरा देश के गरौठा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुढ़ा में ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह परमार ने ग्राम वासियों के साथ ग्राम के प्रत्येक घर से मिट्टी व चावल का कलश में संग्रह किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि कोई भी घर मिट्टी लेने से छूट न जाए इसलिए आगामी 29 सितम्बर तक यह अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर रबिन्द पाल सिंह, जयपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह, दीपू राजा, विक्रम सिंह, अरविंद सिंह, विनोद त्रिपाठी, विजयनरेश गुप्ता, मयंक सिंह, कमल पांचाल, हरगोबिन्द यादव, ऋषि राजा, प्रशांत ठाकुर, शहीद खान समेत कई लोग साथ में रहे।

# गुड्डी रानी पटेल को बनाया गया बुन्देलखण्ड इकाई का प्रदेश अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



गरौठा झाँसी। प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ (बीडीसी संघ)के संस्थापक विजय दादा ,संरक्षक कृष्ण चंद्र सिंह, संगठन मंत्री मुकेश कोरी,राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला की सर्व सम्मति से ग्राम रनयारा ब्लॉक गुरसरांय से क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डी रानी पटेल को प्रदेश अध्यक्ष (बुंदेलखंड इकाई)मनोनीत किया गया। गुड्डी रानी पटेल का प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन होने से क्षेत्र वासियों व बीडीसी सदस्यों ने मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी ।इस दौरान उन्होंने प्रधान बीडीसी स्वाभिमान संघ के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की मैं विश्वास दिलाती हूं की सभी की उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी और संघ को मजबूत करने का ।काम करूंगी साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समस्यों के लिए हमेशा उनके साथ खड़ी रहूँगी।

# पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। अपराधी एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गरौठा कोतवाली पुलिस ने एससी/एसटी के मामले में वारंटी दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार दिवाकर ने बताया धारा 364ए भादवि/3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित वारंटी धर्मेंद्र पुत्र तेज सिंह व अरविंद्र निवासी ग्राम सुजानपुरा को अभियुक्त के दरवाजे के पास से गिरफ्तार कर संवंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी,उप निरीक्षक रामशंकर कटियार शामिल रहे।

# भानी देवी गोयल इंटर कॉलेज में कौशल विकास प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**प्रदर्शनी में डॉक्टर संदीप ने छात्र/छात्राओं के कौशल को परखा**

अमन लेखनी समाचार



झांसी। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश की कौशल विकास योजना के अंतर्गत विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भानी देवी गोयल, स० वि० मं० इंटर कॉलेज झाँसी में कौशल विकास प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि झांसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉ० संदीप सरावगी ने कौशल विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके पश्चात मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला पहनाकर एवं दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कौशल विकास योजना के प्रांतीय प्रमुख मयूर गर्ग ने योजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र / छात्राओं ने सिलाई, कढ़ाई, पेंटिंग, पार्लर, डिटर्जेंट निर्माण आदि कौशलो का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ० संदीप ने एन०सी०सी के छात्रों को प्रमाणपत्र देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ० संदीप सरावगी ने कहा कि हमारे देश में स्कूल कॉलेज तो बहुत है सब जगह शिक्षा दी जाती है लेकिन मेरी समझ में सरस्वती विद्या मंदिर और शिशु मंदिर ऐसे संस्थान है जहां शिक्षा के साथ संस्कारों भी प्राथमिकता दी जाती है। बच्चों में शिक्षा और संस्कार के साथ देश के प्रति समर्पण भाव भी नितांत आवश्यक है जो छात्र एनसीसी, स्काउट और इस तरह की अन्य संस्थाओं से जुड़कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं वे अवश्य ही आवश्यकता पड़ने पर देश हेतु प्राण न्योछावर करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। मैं अभिवादन करना चाहूंगा उन अभिभावकों का जिन्होंने अपने बच्चों को एन०सी०सी में प्रशिक्षण लेने भेजा साथ ही सेना के उन जवानों और अधिकारियों का जिन्होंने इन छात्रों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिती के उपाध्यक्ष पवन सरावगी, बालकल्याण समिती के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ₹ दद्दू ₹ विद्यालय की कौशल विकास समिती की अध्यक्षा रजनी गुप्ता प्रान्तीय प्रमुख मयूर गर्ग संयोजक श्रीकृष्ण कान्त गुप्ता, एवं विद्यालय के प्रधानमंत्री भैया पृथ्वीराज तिवारी , विद्यालय के आचार्य रामनारायण त्रिपाठी, राजेश गुप्ता आशीष अग्रवाल राधिका शिवहरे, मंजू मिश्रा , कंचन एवं संघर्ष सेवा समिति से बसंत गुप्ता, राजू सेन, सुशांत गेंडा, नीरज सिहोतिये (सभासद, कैंट), त्रिलोक कटारिया, लाल सिंह सहित विद्यालय के अध्यापक/ अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य छत्रशाल स्वर्णकार ने सभी अतिथियो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव दुबे ने किया

# विद्युत स्पर्शाघात से किशोर की मौत



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर ।जनपद के भांवरकोल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलुआ तपेशाह के राजस्व गांव अमलाख मौजे में आज बारह वर्षीय बालक की विजली की जद में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है दिन के लगभग ग्यारह बजे जब यह घटना घटी उस समय उसके माता-पिता घर के बाहर खेत में कार्य करने गये थे ।घर में वह और उसकी दो छोटी बहनें ही थी। विनोद यादव भोजन करने के लिए थाली में खाना लेकर चौकी पर बैठकर खाने से पहले सोचा कि पहले से ही बगल में रखे टेबुल फैन को अपनी ओर सेट कर ले। दुर्भाग्यवश ज्योंही फैन को पकड़ा उसी समय विजली भी आ गई और कहीं से कटा तार से उससे छू गया और मौत का शिकार हो गया ।उसी समय उसकी दोनों छोटी बहनें कहीं से आ गई और भाई को मरे देखकर चिल्लाने लगी जिससे आस पास के लोग और माता पिता भी आ गये। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर आ गई। पंचनामे के बाद पोस्ट मार्टम के लिए उसके शव को पुलिस ने भेज दिया ।माता रिंकी देवी, बहनें ब्यूटी व नीतू का रो रोकर बुरा हाल था। विनोद यादव अपने माता-पिता का एकलौता बेटा था और वह कक्षा चार में पढता था।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत गावं में निकली अमृत कलश यात्रा



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल ब्लाक के ग्राम पंचायत लतीफपुर में घर-घर जाकर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा ग्राम प्रधान गीता सिंह एवम् ग्राम पंचायत अधिकारी सुधाकर सिंह नेतृत्व में निकाली गई। जिसके तहत घर-घर से मिट्टी एकत्र की गई। इस कलश को दिल्ली भेजा जाएगा। जहां अमृत वाटिका की स्थापना की जाएगी। स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद हुए देश के सपूतों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। रैली उपरांत ग्राम पंचायत सचिवालय में आयोजित पच प्रण कार्यक्रम में उपस्थित जनों को प्रधान (प्र) धर्मपाल सिंह उर्फ निरंजन द्वारा पच प्रण कराया गया ।धर्मपाल सिंह ने उपस्थित जनों से कहा कि हमारे सदियों से अखंड भारत की परिकल्पना रही है ।इसी परिकल्पना को साकार करने हेतु यह एक भावनात्मक अभियान है, जिससे कि हम लोग हृदय से देश से जुड़ सके ।इस मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# जनपद में किस तरह सूचना का अधिकार कानून का मजाक बना रहे हैं अधिकारी

मथुरा ।जनपद में आम जनता के द्वारा प्रतिदिन सैकड़ो आरटीआई दाखिल की जाती है । जनपद के विभिन्न विभागों में परंतु जब जवाब आता है तो उसे जवाब से आम जनता के वह व्यक्ति खुश नहीं हो पाते हैं क्योंकि ज्यादातर आरटीआई भ्रष्टाचार व शिकायती प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही के संबंध में होती हैं जिसमें चाहे कौन सा भी विभाग हो । सूत्रों की माने तो ज्यादातर जन सूचना अधिकारी जो कि विभागों में नियुक्त हैं चिकने घडें के समान एक ही जबाव देते है ।ऐसा एक मामला नहीं कई मामले सामने आए हैं । सूचना का अधिकार कानून में तय समय सीमा के अंतर्गत जबाव नही दिया जाता है और क्या कहे उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा में आर टी आई दाखिल करने के लिए दस रुपये का भारतीय पोस्टल ऑडर तक नहीं मिल पा रहे हैं ।इसे क्या कह सकते है आम जनता पोस्ट ऑफिस पर दस रुपये पोस्टल ऑडर लेने जाती हैं परंतु पोस्ट ऑफिस पर पोस्टल ऑडर नही मिलते है फिर आम जनता दस का नोट लगाकर आर टी आई दाखिल कर रही है ।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

## आगामी त्योहार को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झाँसी। आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर हरीमोहन सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक लहचूरा धर्मेन्द्र सिंह चौहान के साथ पुलिस चौकी गुढ़ा का निरीक्षण कर क्षेत्र वासियों के साथ बैठक आयोजित की। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने लोगों से आगामी त्योहारों को सदभाव व शांति पूर्ण मनाने की अपील की। गांवों में अपने दुधारू पशुओं को छुट्टा छोड़ कर फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु मालिकों को समुचित प्रबंध की चेतावनी दी तथा इसके वाबजूद भी न मानने वाले ऐसे लोगों को चिन्हित कर पशु अधिनियम के तहत थाना प्रभारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने नवीन पुलिस चौकी भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई तथा ब्रिटिश शासन काल में स्थापित पुराने चौकी भवन को विरासत के रूप में संरक्षित रखने हेतु उचित मरम्मत के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस फोर्स के साथ ग्राम में पैदल गश्त किया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अवधेश लम्बरदार, नरेन्द्र चतुवेर्दी, लक्ष्मीप्रसाद तिवारी, शिवकुमार गुप्ता, बृजेश, दीपक यादव, प्रिंस राजा, दीपेंद्र सिंह परमार, ने सभी ग्रामवासियों से कलश में मिट्टी व अक्षत का संग्रह किया। इस मौके पर कमलेश लम्बरदार, चन्द्रभानसिंह परमार प्रधान गुढ़ा, सूर्यांश दुबे प्रधान इमलौटा, नीतेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि सहपुरा, संतराम सुमन, रामशरण यादव, भगवान सिंह यादव, पिंटू यादव, देशराज कुशवाहा, घनाराम सेन, वीरेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज लाल सिंह, देवेन्द्र यादव, प्रवीण कुमार, क्षत्रपाल सिंह, सरताज खान, प्रशान्त ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंडित बिरजू महाराज जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में कथक कलाकारों ने बिखेरा जलवा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ।कथक सम्राट पद्मविभूषण स्व.पंडित बिरजू महाराज जी की स्मृति में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक अमेठी के संरक्षण में त्रिदिवसीय अमेठी संगीत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के तीसरे दिन पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी व विश्व विख्यात अंतर्राष्ट्रीय कथक कलाकार पंडित राम मोहन महाराज जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।दिल्ली से चलकर आए अंतरराष्ट्रीय कथक कलाकार पंडित राममोहन महाराज ने कथक के बारे विधिवत जानकारी दी और उनके टुकड़ों को नृत्य के रूप में प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया ,साथ ही महाराज के प्रिय शिष्य कृष्णदत्त महाराज में तबले पर संगत दी साथ ही महाराज जी की प्रस्तुति *छोड़ो छोड़ो ना बिहारी देखे सारी नगरी* ठुमरी को गाकर भाव प्रकट किया साथ माखंचोरी का सुंदर भाव दिखाया । लखनऊ से चलकर आए कथक कलाकार अनुज मिश्रा की पूरी टीम ने शानदार कथक सूफी गजल प्रदर्शन किया पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्रा मटियारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अशोक महाराज व त्रिपुरारी महाराज ने संगीत की पुरानी परंपराओं नटवरी लोकनृत्य ,कथक जैसी भारतीय संस्कृति को जीवित रखा है ।राम मोहन महाराज जी ने कहा कि यह दोनों हमारे दो अंग हैं और मैं इतने सभा में उपस्थित सभी के सामने कह रहा हूं कि यह दो भाई जब-जब मुझे याद करेंगे मैं तब तब मैं आऊंगा और मुझे इन्हे बुलाना पड़ेगा। विधायक जी ने बताया कि मैं स्वर्गीय पंडित बिरजू महाराज जी से मिल चुका हूं और आज मुझे लग रहा है कि राममोहन महाराज नही साक्षात बिरजू महाराज जी हमारे क्षेत्र में पधारे हैं ,उनका दर्शन हो रहा है। महाराज जी की ठुमरी और उनके भाव सुनकर सभी भक्त आह्लादित हुए भाव विभोर हुए। इस मौके पर बी.एन तिवारी, डा.अनूप त्रिपाठी, शुभमा चेतना सिंह,राधा सिंह,राजेंद्र प्रताप सिंह,राजबक्स सिंह आदि मौजूद रहे ।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

अमेठी । जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 विधान चन्द यादव थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 131/23 धारा 363,366,376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना मुंशीगंज में वांछित अभियुक्त महेश कुमार पुत्र सन्तराम नि0 दलापुर मजरे आरडीह थाना कोतवाली देहात जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 20 वर्ष को पारितोष तिराहे क पास से समय करीब 08:45 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# प्रयागराज से मुख्य अभियन्ता आ गए, सोते रहे जिलेदार

**गलाथा पम्प कैनाल का वृहत निरीक्षण**

अमन लेखनी समाचार



औग, फतेहपुर। प्रयागराज से आए अधीक्षण अभियन्ता ने विकास खण्ड देवमई की पम्प कैनाल गलाथा का वृहत निरीक्षण किया जिसमें उपखण्ड के जिलेदार अनुपस्थित रहे । खरीफ 1431 में अब तक 63 हेक्टेयर रकबा सींचा गया । गत वर्ष की अपेक्षा 7 हेक्टेयर रकबा की सिंचाई में वृद्धि हुई है जिसमें सब्जी ,चारा , पलेवा तथा धान की फसल शामिल है।

मुख्य अभियन्ता ने अधूरे कन्ट्रोल रूम को देखकर भड़क गए और कैनाल की कमियों को लेकर सवाल पर सवाल दागने लगे , अवर अभियन्ता तथा एसडीओ ने सकारात्मक जवाब दिए , मुख्य अभियन्ता ने कैनाल कैंपस में सिमेंटेड बेंच बनाने , पेड़ों को रंगवाने तथा कैनाल से निकले बेकार पड़े उपकरण तथा बची हुई सामग्री को तीन माह के अन्दर नीलाम करने के निर्देश दिए । बिजली आने पर कैनाल को चलवाकर भी देखा ।

**कैनाल की कमियों पर पर्दा डाला गगया**

पूरी कैनाल के निरीक्षण में मुख्य अभियन्ता को कुलाबा संख्या चार के बाद कैनाल का खरपतवार दिखाने से अधिकारियों को बचते हुए देखा गया , नवसृजित कैनाल का हिसाब पूछने पर एक्सियन प्रशान्त सिंह ने इस सवाल से हटकर अन्य बातों पर रुख मोड़ दिया । अधीक्षण अभियन्ता ने एक्सियन को नहर में दोनों तरफ पक्की सीढ़ी बनाने के तत्काल प्रभाव से आदेश दिया । जबकि उद्गम स्रोत पाण्डु नदी से नहर तक की नवनिर्मित सीढियां दिखाने से एक्सियन बचते रहे। हालांकि देख भी लेते तो कुछ खास असर होने वाला नहीं था। वैसे भी एक्सियन की भारी कमियों का ठीकरा जूनियर अधिकारियों पर फोड़ा गया । बनारस व प्रयागराज से आए चीफ इंजीनियर व सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के निरीक्षण में राजस्व से सिर्फ सींचपाल उपस्थित थे जबकि जिलेदार उपखण्ड प्रथम गैरहाजिर रहे ।सहायक अभियन्ता नागेश भारती व अवर अभियंता राजेश कुमार सरोज ने निरीक्षण के दौरान सभी सवालों के जवाब दिए ।

# महिला पर धोखा धड़ी का आरोप, पुलिस से की शिकायत

बाराबंकी ।जनपद के अंतर्गत असंद्रा थाना क्षेत्र के पीडित श्याम कुमार गाँव ऊँचे का पुरवा मंजरा टांडा थाना असंद्रा ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करते हुए पीड़ित ने बताया कि मेरा व विपक्षी दयाराम से जमीन के मामले में पहले से वाद विवाद चल रहा है जिसमें दयाराम पुत्र प्रहलाद कश्यप के द्वारा इसी विवाद के चलते दिनांक 18/2/2022 को अपनी पत्नी शांती देवी के साथ 376, 506 के तहत कोर्ट से मुकदमा पंजीकृत करवा कर जेल भी भेजवा चुके हैं दो माह बाद जमानत मिली मामला न्यायालय में विचाराधीन है अब पीडित को विपक्षी गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हैं इतना ही नहीं सबसे अहम बात तो यह है कि विपक्षी दूसरा नाम बदलकर पहले शांती देवी अब विटाना कर श्याम कुमार को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है जिसकी शिकायत पीड़ित ने असंद्रा पुलिस से कर तथा फर्जी तरीके से नाम बदलकर कार्यवाही की मांग करने वाले के विरुद्ध शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

# गणेशोत्सव को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झाँसी। आगामी पर्व गणेशोत्सव को लेकर थाना ककरवई में थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, गणेश महोत्सव कमेटी के अध्यक्षो/ सदस्यों एवं थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष ने कमेटी के सदस्यों से गणेश प्रतिमा रखने के लिए निर्धारित किए गये स्थानों और वहां की व्यवस्थाओं से संवंधित जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने कमेटी सदस्यों से कहा की प्रतिमा स्थल पर डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिवंध रहेगा। कम आवाज वाले साउंड पर सिर्फ धार्मिक गीत ही बजाये जा सकते हैं किसी भी प्रकार के अश्लील गाने बजाने पर पूर्णतः प्रतिवंध हैं। साथ ही उन्होंने मूर्ति विसर्जन के दौरान नदियों,जलाशयों में छोटे बच्चों को न ले जाने की हिदायत देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मूर्ति विसर्जन की अपील की ।इस मौके पर उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह, राजेंद्र कुमार तिवारी, आत्माराम यादव,लोकेन्द्र सिंह परिहार,सरजू पाठक, संतोष कुमार, साहब सिंह यादव,महेशचंद्र निषाद, चंद्रप्रकाश द्विवेदी,हेमंत यादव,विनोद पाठक, दिनेश तिवारी,देवेंद्र परिहार, रामस्वरूप चौकीदार, सुम्मेश,दीपक यादव, आशीष कुमार, अमित राठौर,शिशुपाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' का गाना हुआ लीक

राम चरण की बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर अचानक सुर्खियों में आ गई है। दरअसल, हाल ही में इस फिल्म के एक गाने से 30 सेकंड की ऑडियो क्लिप लीक हो गई, जिसकी वजह से मेकर्स को तगड़ा झटका लगा है। इसके बाद निर्माताओं ने बिना देर किए पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। अपने रचनात्मक कार्य की रक्षा करने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के सिद्धांतों को बनाए रखने के के लिए प्रोडक्शन हाउस ने लीक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज किया है। लीक हुआ गाना, जिसका नाम जरागांडी जरागांडी है, इंटरनेट पर अनाधिकृत रूप से सामने आने के बाद से काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि लीक हुआ संस्करण गाने का प्रारंभिक वर्जन है ना कि फाइनल ट्रैक। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस गाने को 15 करोड़ रुपये के भारी बजट के साथ शूट किया गया था। जानकारी के अनुसार लीक करने वाले लोगों के खिलाफ आईपीसी 66 (सी) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। इंडस्ट्री में चल रही अफवाहों की मानें तो चेन्नई में फिल्म की शूटिंग लोकेशन से इस गाने के लीक होने का संदेह जताया जा रहा है। इस घटना के बाद प्रोडक्शन टीम ने पुलिस से गाना लीक होने के स्रोत का पता लगाने और भविष्य में इस तरह के उल्लंघनों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है। इसके अलावा उन्होंने ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का आग्रह किया है, जो लीक हुए कंटेंट को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर साझा करते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है।

बता दें कि गेम चेंजर समकालीन राजनीति की पृष्ठभूमि पर आधारित एक हाई-ऑक्टेन एक्शन ड्रामा है। टॉलीवुड के प्रमुख अभिनेताओं में से एक, राम चरण, फिल्म में एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में कियारा आडवाणी भी हैं। इससे पहले दोनों सितारे विनय विद्या राम (2019) में साथ स्क्रीन साझा कर चुके हैं।

बॉलीवुड

# शाहरुख खान ने अपनी फिल्म डंकी की रिलीज से उठाया पर्दा!

जवान अभिनेता शाहरुख खान पठान और जवान जैसी बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद सफलता की बुलंदियों पर हैं, और अब सभी की निगाहें डंकी पर हैं। आखिरकार सुपरस्टार ने राजकुमार हिरानी के साथ अपनी सबसे बहुप्रतीक्षित अगली फिल्म की रिलीज का संकेत दिया है। शाहरुख खान से डंकी की रिलीज डेट के बारे में पूछा गया, जिस पर सुपरस्टार ने जवाब दिया, 26 जनवरी को हम पठान के साथ शुरुआत की, जन्माष्टमी पर मैं जवान लेकर आया हूं, और अभी नया साल आने वाला है, क्रिसमस है, उसमें मैं डंकी लेके आने वाला हूं, सारे राष्टीय एकता रखता हूं, वैसे भी जब मेरी फिल्म आती है उस दिन ईद होती है। शाहरुख खान की फिल्म रिलीज सिर्फ फिल्म रिलीज नहीं है बल्कि किंग खान के प्रशंसकों के लिए त्योहार हैं, और पठान और जवान इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं।



और अब प्रशंसक शाहरुख खान के डंकी के साथ बॉक्स ऑफिस पर फिर से जादू बिखेरने का इंतजार कर सकते हैं। शाहरुख खान ने पुष्टि की है कि डंकी इस साल क्रिसमस पर सबसे मनमोहक तरीके से रिलीज होगी। डंकी शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी के बीच पहली बार सहयोग होगी, और ऐसा कहा जाता है कि सुपरस्टार एक पंजाबी व्यक्ति की भूमिका निभाएंगे जिसने फिल्म में आप्रवासन की उड़ान का सामना किया था। तापसी पन्नू किंग खान के साथ नजर आएंगी, और श्रीकियन इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। अपने एक साक्षात्कार में शाहरुख खान ने 4 साल बाद तीन रिलीज के साथ वापसी करने के बारे में बात की और उल्लेख किया कि वह बिल्कुल भी घबराए हुए नहीं हैं क्योंकि उन्हें विश्वास है कि तीनों ब्लॉकबस्टर होंगी। खैर, दो फिल्मों के साथ, वह सही रहे हैं, और देखते हैं कि सुपरस्टार हैट ट्रिक मार पाएगा या नहीं।



# पश्मीना रोशन के साथ रोमांस करेंगे टाइगर श्रॉफ?

टाइगर श्रॉफ कथित तौर पर हीरो नंबर 1 नामक आगामी फिल्म में पश्मीना रोशन के साथ रोमांस करेंगे। जगन शक्ति द्वारा निर्देशित, इसमें सारा अली खान भी होंगी। पश्मीना रोशन रोहित सराफ, जिब्रान खान और नैला ग्रेवाल के साथ इश्क विश रिबाउंड से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ऐसी खबरें आई हैं कि पश्मीना, जो ऋतिक रोशन की चचेरी बहन हैं, को अपना दूसरा प्रोजेक्ट भी मिल गया है। अब, यह कहा जा रहा है कि वह हीरो नंबर 1 नामक फिल्म में टाइगर श्रॉफ की प्रेमिका की भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में सारा अली खान भी होंगी। टाइगर श्रॉफ एक न इ फि ल्म



के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हीरो नंबर 1 नाम की इस फिल्म में सारा अली खान होंगी। और क्या – श्रॉफ पश्मीना रोशन के साथ रोमांस करेंगे। एक सूत्र के हवाले से कहा गया, 卐प्रोजेक्ट में सारा और पश्मीना टाइगर के साथ प्रमुख महिलाओं के रूप में हैं, और पश्मीना उनकी प्राथमिक प्रेमिका की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने पहले मिशन मंगल का निर्देशन किया था और इसके अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। उसी सूत्र ने कहा, हालांकि शूटिंग जनवरी 2024 में लंदन में शुरू होगी, टाइगर ने पहले ही एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर ली है, और सारा और पश्मीना अगले साल ही उनके साथ जुड़ेंगी। टाइगर ने भगनानी के प्रोडक्शन के साथ तीन फिल्मों का करार किया था और गणपत और बड़े मियां छोटे मियां के बाद, हीरो नंबर 1 उनका तीसरा सहयोग है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि हीरो नंबर 1 गोविंदा-स्टारर इसी नाम की फिल्म का रीमेक नहीं होगी। इसे विज्ञान का तड़का वाली एक एक्शन फिल्म बताया जा रहा है। जहां टाइगर अगली बार गणपत-भाग 1 में दिखाई देंगे, वहीं सारा अली खान के पास ऐ वतन मेरे वतन और मेट्रो- इन डिनो हैं।

# 'सिंघम अगेन' का हुआ शुभारंभ

रोहित शेट्टी और अजय देवगन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन को लेकर सुर्खियों में है। वर्ष 2011 में इस फेंचाइजी की पहली फिल्म सिंघम रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। वहीं, से इस कॉप यूनिवर्स का सिलसिला शुरू हो गया। सिंघम में सिनेमैटिक कॉप यूनिवर्स दिखाया गया था, जिसकी कहानी एक पुलिसवाले की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। वर्ष 2014 में इसकी दूसरी किस्त 'सिंघम रिटर्न्स' आई, जिसे भी फैंस ने दिल खोलकर प्यार दिया। वहीं, अब इसकी तीसरी किस्त बीते लंबे वक्त से चर्चाओं में है। मेकर्स ने भी फिल्म के लिए फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए एक बड़ा अपडेट साझा किया है। मूवी की का शुभारंभ हो गया है। सितारों ने बकायदा पोस्ट कर इसकी खुशी साझा की है। 12 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद रोहित शेट्टी फिर से कॉप यूनिवर्स के जरिए धमाल मचाने को तैयार हैं। इस बार फिल्म की स्टारकास्ट भी पहले से काफी बड़ी और दमदार होने वाली है। वहीं, सिंघम अगेन के शुभारंभ की जानकारी अजय देवगन, रोहित शेट्टी, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारों ने पोस्ट साझा कर दी है। सितारों ने फिल्म की शुरुआत की कुछ तस्वीरें शेयर कर इसका जश्न मनाते हुए लिखा है, 12 वर्ष पहले, हमने भारतीय सिनेमा को इसका सबसे बड़ा सिनेमाई कॉप यूनिवर्स दिया था।



# रिद्धि डोगरा के लिए आसान नहीं था जवान में 'आजाद' की मां का किरदार

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म जवान को लेकर सुर्खियों में हैं। किंग खान की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म ने 10 दिनों के भीतर ही टिकट खिड़की पर 440.48 करोड़ का आकड़ा पार कर लिया है। एटली के निर्देशन में बनी जवान को लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म में किंग खान, नयनतारा, विजय सेतुपति के अलावा एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा भी अहम किरदार में हैं। अभिनेत्री ने शाहरुख यानी फिल्म के किरदार आजाद की मां का रोल प्ले किया है। सिनेप्रेमियों को जवान में उनकी एक्टिंग काफी पसंद आ रही है। इस बीच एक साक्षात्कार के दौरान रिद्धि ने फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की है। इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने कहा कि उनका दिन तब बन गया जब शाहरुख ने खुद सुझाव दिया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि वह उनकी मां की भूमिका निभा रही थीं, जो कि रिद्धि के लिए यह मानने के लिए पर्याप्त था कि वह उन्हें एक रोमांटिक भूमिका निभाना पसंद करेंगे। रिद्धि ने आगे कहा कि उन्हें अपने दिवंगत दादा के जन्मदिन पर निर्देशक एटली से मिलने के लिए कॉल आया आजाद की टीम में एक महिला की भूमिका निभाने के लिए टेस्ट दिया था।



सोशल मीडिया

## अपने करियर के बारे में बोलीं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर ने वर्ष 2018 में फिल्म लव सोनिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके अलावा उन्होंने सुपर 30 और बाटला हाउस जैसी फिल्मों में भी काम किया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले मृणाल ने छोटे पर्दे पर भी काफी काम किया। बॉलीवुड के बाद बीते वर्ष मृणाल ने फिल्म सीता रामम से तेलुगु सिनेमा में भी कदम बढ़ाए। इसमें उन्होंने दुलकीर सलमान और रश्मिका मंदाना संग स्क्रीन शेयर की। एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में पांच साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर वह अपनी करियर यात्रा पर नजर डालती नजर आईं। सिनेमा की दुनिया में अपने पांच साल के सफर में मृणाल ने सफलता और असफलता दोनों का स्वाद चखा है। हालांकि, असफलता ने कभी उन्हें निराश नहीं किया। मृणाल का कहना है कि असफलता ने उन्हें खुद को और मजबूत बनाने और कठिन मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अभिनेत्री का कहना है कि अभी काफी कुछ हासिल करना बाकी है। मृणाल ने आगे कहा कि अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए वह अपने किरदारों के साथ नए प्रयोग करने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस का कहना है, सिनेमा की दुनिया का हिस्सा बनने के लिए कई भाषाएं हैं, कई शैली हैं जो मुझे उत्साहित करती हैं। मैं किरदारों के साथ प्रयोग करने और फिल्मों की दुनिया में पूरी तरह रमने के लिए तैयार हूं। अगर बतौर कलाकार आपके अंदर नए चैलेंज लेने की भूख नहीं है तो आपका करियर यहां बहुत जल्दी ठहर जाएगा। मृणाल ठाकुर ने अन्य लोगों को भी सलाह दी कि इस इंडस्ट्री में बने रहने के लिए अलग-अलग किस्म का काम करने के लिए खुद को तैयार रखें। मृणाल ने आगे बताया, मैं टेलीविजन से लेकर बॉलीवुड फिल्मों में आई। फिर साउथ तक गई। अब तक तीन भाषाओं में काम कर चुकी हूं और मैंने यह ठान रखी है कि जो चीजें मुझे उत्साहित करती हैं, मैं उन्हें आजमाती रहूंगी।

